卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्।
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 16 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦22 अक्टूबर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सड़कों को गड्ढामुक्त करने में लापरवाही करने वालों पर होगी कार्रवाई:धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश में सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए सीएम धामी ने सख्त रूख अपना लिया है। उन्होने स्पष्ट किया है कि सड़कों को गड्ढामुक्त करने में लापरवाही करने वालों पर कार्यवाही की जायेगी। बता दें सीएम धामी ने 15 अक्टूबर तक प्रदेश की सभी सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के आदेश दिये थे, लेकिन प्रदेश में कई स्थानों पर अभी भी सड़कें गड्ढामुक्त नहीं हो पायी है, जिसका संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार प्रात: शासकीय आवास पर बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के कार्यों की समीक्षा की।



उन्होंने अधिकारियों से अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में सड़कों की मरम्मत के कार्य में लापरवाही बरतने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए। बैठक में सीएम धामी ने कहा कि जहां-जहां सड़कों की मरम्मत का कार्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है, उसे प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करते हुए जनता को सुरक्षित और सुगम यातायात उपलब्ध करायें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। साथ ही सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया (शेष पृष्ठ सात पर)

## देर रात नशेड़ी युवकों ने दुकान पर किया पथराव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक ओर जहां पुलिस प्रशासन रात्रि में ऑपरेशन रोमियो चलाकर बेवजह सड़कों पर घूमने और शराब पीने वालों को सबक सिखा रही है वहीं दूसरी ओर कुछ नशेड़ी युवकों पर इसका असर नहीं पड़ रहा है। रविवार रात मोटर साइकिल सवार कुछ शराब के नशे में चूर युवकों ने मुखानी थाना क्षेत्र में जमकर उत्पात मचाया। उन्होंने व्यापार मंडल की महिला प्रदेश महामंत्री की दुकान को निशाना बनाते हुए उस पर पथराव किया गया। दुकान के ऊपर निवास से बाहर निकले परिजनों को धमकाते हुए आरोपी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। लेकिन उनकी हरकत वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। रात करीब ढाई बजे किया पथराव (शेष पृष्ठ सात पर)



## अब कैथुलिया गांव में घुसा तेदुंआ,मचा हड़कम्प

### बच्ची पर हमले की ताक में बैठे तेदुंए को मां ने शोर मचाकर भगाया

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। रंसाली वन क्षेत्र के ग्राम कैथुलिया में तड़के घर के आंगन में बैंठी मासूम पर हमला करने की ताक में बैठे तेदुंए को बच्ची की मां ने सूझ-बूझ से शौर मचाकर भगा दिया। तेदुंए के कैथुलिया गांव में आने से गांव के लोग दहशत में आ गए। सूचना पर वन विभाग के रेंजर ने मौके पर पहुंच कर तेदुंए के पंजों के निशान देख ग्रामीणों की मांग पर शाम तक गांव में पिंजरा लगाने का आश्वासन दिया है। बता दें 15 अक्टूबर को ग्राम विचुवा भुड़ में तेदुंए ने एक किशौर को घर के आंगन में हमला कर मार दिया था।मंगलवार प्रात: ग्राम



कैथुलिया में बाजार के पास स्थित ग्रामीण राजू सिंह पुत्र करनैल सिंह के घर के आंगन में तेदुंआ आ धमका। इस दौरान में घर के आंगन में राजू की छोटी बेटी बैंठी थी, राजू की पत्नी ने बताया कि अचानक उसकी नजर तेदुंए पर पड़ी। तेदुंआ उसकी बेटी पर हमला करने की ताक में था, तभी उसने शोर मचा दिया, शोर सुनकर तेदुंआ खेतों की ओर भाग गया। कैथुलिया में तेदुंए की धमक से गांव के लोग दहशत में हैं। गांव के उप प्रधान फूला सिंह ने गांव में तेदुंए के आने की सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर वन विभाग के रेंजर महैन्द्र सिंह रैकुनी मौके पर पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उनके समक्ष आक्रोश जताते हुये कहा कि आए दिन तेदुंए के हमले हो रहें है, लेकिन वन विभाग कोई ठोस कार्यवाही नही कर रहा है। वन रेंजर ने आश्वासन दिया कि शाम तक पिंजरा लगाकर तेदुंए को पकड़ने का प्रयास किया जायेगा।

## संदिग्ध हालातों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र लंबाखेडा में एक युवक घर के पंखे के कुंडे में लटका मिला। जिससे परिजनों के होश उड़ गए। परिजन उसे कुंडे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित करदिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से घटना की जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस के मुताबिक ग्राम लंबाखेड़ा की सिंह कालोनी निवासी 40 वर्षीय रविन्द्र सिंह पुत्र मोहन सिंह सोमवार रात खाना खाकर कमरे में चला गया था। कुछ देर बाद परिवार के लोगों ने कमरे का दरवाजा खटखटाया तो गेट नहीं खुला और न ही अन्दर से कोई आवाज आई। मौके पर कुछ लोग एकत्रित हो गए। बाद में गेट तोड़ा तो देखा रविन्द्र पंखे के कुंडे में फंदे से लटका हुआ था। परिवार के लोग (शेष पृष्ठ सात पर)



## भाई से कहासुनी के बाद किशोरी ने दी जान

रामनगर (उद संवाददाता)। ग्राम छोई स्थित कोसी नदी में खनन कार्य में मजदूरी करने वाले एक मजदूर की 16 वर्षीय बेटी ने पारिवारिक क्लेश के चलते जंगल में पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद मृतका के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है । पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम मीरमपुर संभल उत्तर प्रदेश निवासी वासुदेव अपने पूरे परिवार के साथ ग्राम छोई स्थित कोसी नदी में मजदूरी कर अपना परिवार चलता है। बताया जाता है कि रविवार की दोपहर उसकी 16 वर्षीय पुत्री सोनी नदी में मजदूरी कर खाना खाने के लिए नदी किनारे बनी अपनी झोपड़ी में आई थी। इसी बीच उसका अपने भाई से किसी बात को लेकर विवाद हो गया । (शेष पृष्ठ 7पर)

## बाईक की टक्कर से श्रमिक घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम लालपुर के पास घर से फैक्ट्री काम पर निकले एक श्रमिक को घर से कुछ दूरी पर ही तेज गति से जाते बाईक सवार ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। श्रमिक को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम दरभंगा शाहजहांपुर निवासी 36 वर्षीय सुरेश पुत्र पोतीराम लालपुर में रहता है और पास ही स्थित एक फैक्ट्री में काम करता है। बताया जाता है कि वह आज सुबह करीब 8 बजे रोज की तरह घर से काम के लिए निकला था। जब वह घर से कुछ ही दूरी पर पहुंचा तो पीछे से तेज गति से आ रही बाईक चालक ने उसे जोर से टक्कर मार दी। जिससे सुरेश सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया । उसे एनएच के कर्मियों ने उपचार के लिए तत्काल जिलाचिकित्सालय पहुंचाया।जहां उसे भर्ती किया गया है।



## ऑनलाइन कमाई का झांसा देकर लाखों की ठगी

### ट्रेडिंग अकाउंट खोलकर भेजे थे ट्रेडिंग के टास्क

काशीपुर/कुंडा(उद संवाददाता)। ऑनलाइन कमाई का झांसा देकर एक युवक से साइबर ठगों ने लाखों रुपए हड़प कर लिए। धोखाधड़ी के इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम जगतपुर पट्टी, जसपुर, निवासी मनप्रीत सिंह पुत्र दीदार सिंह ने कुंडा थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 30 अगस्त को उसके व्हाट्सअप पर एक मैसेज आया, जिसके जरिये उसे ऑनलाइन टास्क दिये गये तथा उसे कुछ पैसे वापस किये। फिर उन्होंने उससे पैसे लेने की डिमांड की तथा 1000 रुपये लेकर 1300 रुपये वापस किये। इसी प्रकार दो-तीन बार लेने-देन हुए। फिर उन्होंने इसी प्रकार और पैसे मांगने शुरू किये और उसे ज्यादा कमाई का लालच देकर पैसे ले लिये और बाद में पैसे देने से इंकार करने लगे। मनप्रीत ने बताया टेलीग्राम पर ट्रेडिंग एकाउंट से एक एकाउंट खोला गया और उसके जरिये ट्रेडिंग के टास्क भेजे गये और पैसे की डिमांड की। उसने अपने एकाउंट से यूपीआई ट्रान्सफर किये और अपने मित्र के एकाउंट से पैसे लिये। बीते 30 अगस्त को उसके एकाउंट से पहली ट्रान्जेक्शन 1000 रुपये की हुई। दूसरी ट्रान्जेक्शन 1000, तीसरी ट्रान्जेक्शन 2000 की शाहनवाज फूड लि. के नाम पर हुई। चौथी ट्रांजेक्शन 3000, पांचवीं ट्रांजेक्शन 13000 रुपये की शाहनवाज फूड लि. के नाम पर हुई । छठी ट्रांजेक्शन मुकेश सिंह के नाम 35000 रुपये सातवीं ट्रांजेक्शन श्री बालाजी किराना स्टोर के नाम 40,000 रुपये की हुई। आठवीं ट्रांजेक्शन श्री बालाजी किराना स्टोर के नाम 5000 रुपये की हुई। इसके बाद फिर 5000 रुपये की ट्रांजेक्शन शाहनवाज फूड लि. के नाम पर हुई। मनप्रीत ने बताया कि इसके बाद उसकी पत्नी के एकाउंट से यशपाल के नाम पर 60,000 रुपये की ट्रांजेक्शन हुई। 31 अगस्त को उसके दोस्त के एकाउंट से उमराव सिंह को 50,000 रुपये की ट्रांजेक्शन (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवक का सिर फोड़ा,घर में पथराव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रम्पुरा में देर रात दो पक्षों में विवाद के बाद मारपीट हो गयी जिसमें एक युवक का सिर फूट गया। आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट के बाद घर में पथराव भी किया और दस हजार की नगदी भी लूट ले गये। एक पक्ष की ओर से मामले में पुलिस को तहरीर सौंपी गयी है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को सौंपी तहरीर में वार्ड नं. 22 रम्पुरा निवासी अमन पुत्र रमेश चन्द्र कोली ने बताया कि सोमवार रात करीब 11 बजे वह काम से लौटकर घर जा रहा था, इसी बीच कुछ युवकों ने उसे रोक लिया और उसके साथ गाली गलौच और मारपीट की। विरोध (शेष पृष्ठ सात पर)

## नशे की तस्करी में दो महिलाओं सहित तीन गिरफ्तार

### बिहार से लाया गया 7.703 किलो गांजा बरामद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कालोनी चौकी पुलिस टीम ने गत दिवस चैकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन के पास बिहार निवासी दो महिलाओं सहित तीन नशा तस्करों को 7.703 किलो अवैध गांजा सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी उप निरीक्षक होशियार सिह साथी पुलिस कर्मियों कांस्टेबल बलवन्त मनराल, ललित कुमार, राजेन्द्र कश्यप, नीरज भोज व महिला कांस्टेबल अरूणा चन्द के साथ गश्त करते हुये काशीपुर रोड़ पर फ्लाई ओवर के पास पहुचे। जहां स्टेशन की ओर से आने जाने वाले संदिग्ध वाहनो व व्यक्तियो की जॉच करने लगे । रेलवे स्टेशन रैक की ओर से एक व्यक्ति व दो महिला आई । जिन्हें रोककर पूछताछ की तो तीनो में से कोई भी सन्तोषजनक जबाब नही दे पाया । उन्होंने अपना नाम पता सोनू साहनी पुत्र रमेश साहनी निवासी शेट्टी कालोनी थाना बिलासपुर जिला रामपुर, पूजा यादव पत्नी रोशन यादव निवासी गॉधी चौक थाना मोफासिल जिला छपरा बिहार तथा सविता यादव पत्नी सोहन यादव निवासी गॉधी चौक थाना मोफासिल जिला छपरा बिहार बताया। तलाशी लेने पर उनके पास से पैंकेट में रखा गांजा बरामद हुआ। दोनो महिलाओ ने बताया कि यह गांजा खुद अपने घर बिहार में तैयार किया था और यहा पर इसे सोनू साहनी को बेचने लाई थी। सोनू साहनी से कुल 3.284 किलोग्राम गांजा, पूजा यादव के पास से कुल 2.132 किलोग्राम गांजा और सविता यादव के पास से कुल 2.287 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद गांजा कब्जे में लेकर पकड़े गये तीनों नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

## प्राइवेट माइनिंग के खिलाफ किसानों ने दिया धरना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्राईवेट माईनिंग कम्पनियो के खिलाफ आज किसानों ने कलेक्ट्रेट परिसर में सांकेतिक धरना देकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमे कहा गया है कि जो प्राईवेट माईनिंग कम्पनी उत्तराखण्ड में व्यापार करने आई है। इनकी मनमानी से आम आदमी, किसान, प्राईवेट माईलिन स्वामी को काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। किसान के खेत की मिट्टी को प्राईवेट माईनिंग कम्पनी से मुक्त किया जाए।किसान के खेत की मिट्टी की परमीशन की रायल्टी का शुल्क कम कर के पूर्व की भाति 8 रुपए प्रति घनमीटर किया जायें। किसान के खेत की मिट्टी की परमीशन 100 से 500 घनमीटर तक पूर्व की भांति तहसील स्तर से उपजिलाधिकारी महोदय द्वारा दी जायें। किसान के खेत की मिट्टी निकटवर्ती राज्य उत्तर प्रदेश से उत्तराखण्ड लाने पर कोई शुल्क व कोई रोक ना लगाई जायें। उपजिलाधिकारी द्वारा किसान के (शेष पृष्ठ सात पर)



# 1912 पर सम्पर्क कर मिलेगी स्मार्ट मीटर प्रणाली से जुड़ी जानकारी

## उपभोक्ताओं के लिए किया जा रहा है यूपीसीएल मुख्यालय स्थित केन्द्रीयकृत कॉल सेंटर का संचालन

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की प्रेरणा एवं उनके मूल मंत्र सरलीकरण, समाधान एवं निस्तारण को आधार बनाकर यूपीसीएल द्वारा विभिन्न माध्यमों से विद्युत उपभोक्ताओं की सेवाओं को और बेहतर बनाया जा रहा है जिनमें केन्द्रीयकृत कॉल सेंटर का संचालन, उपभोक्ता स्वयं सेवा मोबाइल एप तथा मेगा कैम्प शिविरों का आयोजन इत्यादि शामिल है। उपभोक्ताओं की बिजली से जुड़ी समस्याओं का त्वरित गति से समाधान हेतु यूपीसीएल मुख्यालय स्थित 24.7 केन्द्रीयकृत कॉल सेंटर का नियमित रूप से संचालन किया जा रहा है। कॉल सेंटर में लगातार 03 शिफ्टों में कार्य किया जाता है। वर्तमान में सेंटर में 105 कार्यरत हैं। अब उपभोक्तागण टोल फ्री नं0 1912 पर सम्पर्क कर स्मार्ट मीटर प्रणाली से जुड़ी जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त सेंटर में पूरे प्रदेश से आने वाली सभी बिजली सम्बन्धी शिकायतों



का अनुश्रवण किया जाता है और सम्बन्धित विभाग को कार्यवाही हेतु अग्रसित कर दिया जाता है। उपभोक्ता द्वारा शिकायत दर्ज कराने के साथ ही शिकायत संख्या जनरेट कर दी जाती है तथा उपभोक्ता स्वयं सेवा मोबाइल एपलिकेशन के द्वारा अपनी शिकायत को ट्रैक कर स्टेटस की जानकारी भी ले सकते हैं। स्वयं सेवा मोबाइल एप के अलावा भी उपभोक्ता विभिन्न आॅनलाइन माध्यमों जैसे यूपीसीएल की वेबसाइट ई-मेल एवं टोल फ्री नं0 1912 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। केन्द्रीयकृत कॉल सेंटर के माध्यम से प्रतिदिन 500 से अधिक उपभोक्तागण अपनी विद्युत सम्बन्धित समस्याओं का समाधान पा रहे हैं। गत माह में बाधित विद्युत आपूर्ति से सम्बन्धित सभी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर शून्य किया जा चुका है तथा शेष वाणिज्यिक एवं लाइन शिफ्टिंग, मीटर बदलना, लम्बे स्पानों में पोल लगाना इत्यादि से जुड़ी शिकायतों का आगामी दिनों में समयबद्ध रूप से निस्तारण किया जायेगा। इसके अलावा प्रबन्ध निदेशक, यूपीसीएल द्वारा समस्त क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि यूपीसीएल के सभी उपभोक्ता सेवा केन्द्रों / राजस्व संग्रहण केन्द्रों पर दिव्यांगजनों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा व सुगमता के लिये केन्द्रों में सुरक्षित एवं आरामदायक बैठने का स्थान, बिल जमा करने के लिये पृथक लाइन तथा बिजली से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने हेतु आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

# एक माह बाद भी नहीं आई देसी घी के नमूनों की जांच रिपोर्ट

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश भर में देसी घी में मिलावट की जांच के लिए भरे गए नमूनों की जांच रिपोर्ट एक माह बाद भी नहीं आई है। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से त्योहारी सीजन में मिलावटखोरी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। लेकिन सैंपल जांच रिपोर्ट समय न मिलने से मिलावटखोरों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। तिरुपति मंदिर के प्रसाद में वितरित होने वाले लड्डू में मिलावट का मामला सामने आने पर विभाग ने 15 सितंबर को प्रदेश भर में देसी घी में गुणवत्ता जांच के लिए अभियान चलाया था। जिसमें 113 नूमने एकत्रित कर जांच के लिए रुद्रपुर प्रयोगशाला भेजे गए थे। सैंपल की जांच में 10 से 15 दिन का समय लगता है। लेकिन रुद्रपुर प्रयोगशाला में तकनीकी स्टाफ की कमी से सैंपल जांच में देरी हो रही है। प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देश पर त्योहारी सीजन में खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमें खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापा मार कर कार्रवाई की जा रही है। टीम की ओर से मिठाईयों व अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जा रहे हैं। लेकिन सैंपल रिपोर्ट आने में लंबा वक्त लग रहा है। इस वजह पर मिलावटी खाद्य सामग्री विक्रेता और निर्माताओं पर कार्रवाई नहीं हो रही है। खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अपर आयुक्त ताजबर सिंह ने माना है कि रुद्रपुर लैब से सैंपलों की जांच रिपोर्ट का इंतजार है। जांच में गुणवत्ता मानकों में सैंपल फेल पाए जाने पर विभाग की ओर से कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पांच मंदिर रोड का निर्माण होने पर जताया आभार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पांच मंदिर को जाने वाले मुख्य मार्ग का निर्माण होने पर सनातन धर्म सभा द्वारा क्षेत्रीय शिव अरोरा का आभार जताते हुए फूलमलाओं से उनका स्वागत किया गया। बता दें विध जिन सड़कों के निर्माण होने है उनके निर्माण करना सुनिश्चित करें।पांच मंदिर मार्ग का निर्माण होने पर स्थानीय व्यापारी एवं सनातन धर्म सभा ने विधायक शिव अरोरा का सड़क निर्माण हेतु आभार अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश, विजय जग्गा, विजय विर्मानी, नरेश शर्मा,व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, राजेश जग्गा, संदीप धीर, सुनील



ायक शिव अरोरा के जर्जर रोडो व मुख्य बाजार की सड़को का प्रशासनिक अधिकारियो संग स्थालीय भ्रमण किया था, जहाँ उन्होंने नगर निगम की टीम को स्पष्ट निर्देश दिये थे कि त्यौहारो से पहले मुख्य बाजार की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त व जताया । इस अवर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि वह जब जब पांच मंदिर आते थे तो रोड की खस्ता हाल को लेकर लोगों द्वारा अवगत करवाया गया था, अब सभी सड़को को गड्ढा मुक्त करवाया जा रहा है । इस दौरान सनातन धर्म सभा ठुकराल, मनोज मदान, किशन नारंग, अशोक गुम्बर, शिवम जग्गा, सुरेश सुखदेव, हरीश सुखीजा, अजय चड्ढा, मयंक कक्कड़, डंम्पी चोपडा, महेंद्र आर्य, बॉबी अरोरा, सचिन मुंजाल, मोहित बत्रा, आशू मिड्ढा, व अन्य लोग मौजूद रहे।

# किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

गदरपुर(उद संवाददाता)। सकैनिया के आसपास के ग्राम कामरेड डेरा,गुलाम माजरा,मजरा झुंनी,अब्दुल्ला नगर,मजरा मरदान,सहित उत्तर प्रदेश के दर्जनों किसानों द्वारा गदरपुर के एक सीड के व्यापारी से उड़द का बीज लिया था जिसको किसानों द्वारा अपने खेत मे बोने के बाद खाद पानी लगाकर उडद की फसल को तैयार किया गया। काफी लंबे समय इंतजार करने के बाद उसमें अभी तक फल ही



नहीं आयी इसके बाद किसानों ने खुद को ठगा महसूस किया जब इसकी शिकायत किसानों इकट्ठा होकर व्यापारी से की तो व्यापारी ने किसानों की नहीं सुनी, जिसके बाद किसानों ने इकट्ठा होकर तराई किसान यूनियन के उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क को बुलाया और सारी व्यथा सुनाई इसके बाद तजिंदर सिंह विर्क ने जिले के कृषि अधिकारी से फोन के माध्यम से बात की जिनके द्वारा जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिलाया। वहीं तजिंदर सिंह विर्क ने कहा कि क्षेत्र के किसान भारी संख्या में एकत्र होकर 25 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी से इस संबंध में बात करेंगे यदि जल्द ही उपरोक्त व्यापारी के खिलाफ कोई सख्त कार्यवाही व किसानों को मुआवजा नहीं मिला तो क्षेत्र के किसान जिला मुख्यालय पर धरना देने को मजबूर होंगे। इस दौरान समाजसेवी अमन कंबोज,अमरजीत सिंह,बलविंदर सिंह,मक्खन सिंह, कुलवन्त सिंह, किशन सिंह,रेशम सिंह, रमेश लाल, भजन दास,राजेन्द्र सिंह,सोनू सिंह,जंगीर सिंह,छिंदर सिंह,किशन लाल कम्बोज सहित दर्जनों किसान मौके पर मौजूद रहे।

# संत समागम में पहुंचे सांसद अजय भट्ट

गदरपुर (उद संवाददाता)। विधानसभा गदरपुर के ग्राम मजरा मरदान स्थित बाबा भूमण शाह डेरे पर आयोजित संत समागम में पूर्व केंद्रीय भट्ट ने कहा कि संतों की वाणी सुनना मन के लिए बहुत सुखद होता है और जिस प्रकार से कम्बोज समाज संतों के प्रति अपनी श्रद्धा रखता है वह दिव्य शक्ति महसूस होती है जिसका मुख्य कारण बाबा ब्रह्म दास जी की मधुर वाणी और उनके श्रीमुख से निकले प्रवचन हैं। इस अवसर पर





रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री एवं सांसद अजय भट्ट के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा अपने सहयोगियों के साथ पहुंचे और संत बाबा ब्रह्म दास जी महाराज से आशीर्वाद लिया और सत्संग सुना। इस मौके पर सांसद अजय अतुलनीय हैं । संतों के आशीर्वाद से सुमति प्राप्त होती है। इसके पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि बाबा भूमणशाह महाराज के प्रति समाज की आस्था का प्रतिरूप यह संत समागम जिसमें पहुंचकर एक टेकचंद कंबोज,भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना,नरेश हुड़िआ,सुभाष गुंबर,मनोज कुमार,कुनाल रस्तोगी ,संदीप कंबोज, गुरदयाल सिंह ,शिवम त्रिपाठी सहित अन्य श्रद्धालुगण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अमेनिटी फुटबॉल टीम का विजयी अभियान जारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 31वीं वाहिनी पीएसी के फुटबॉल में पुलिस माडर्न स्कूल द्वारा आयोजित 03 दिवसीय अंडर 14 बालक एवं बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन भी अमेनिटी की टीमों का विजयी अभियान जारी रहा। आज खेले गए पहले मैच में अमेनिटी की प्रथम टीम ने स्टोरेज स्कूल को 5;0 से पराजित किया। उसके बाद अमेनिटी की द्वितीय टीम ने 31 वाहिनी स्कूल की 4;1 से हर दिया। इससे पूर्व गत दिवस प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीमती प्रीति प्रियदर्शिनी सेनानायक 31वीं वाहिनी पीएसी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उत्तम सिंह नेगी, उप सेनानायक, तपेश कुमार चन्द, सहायक सेनानायक, दलनायक भूपेश पाण्डेय, गिरीश चन्द्र जोशी, खुर्शीद अली, सूबेदार सैन्य सहायक, पीसी पुष्कर सिहं लस्पाल एवं सुश्री पूजा रानी, प्रधानाचार्य पुलिस मार्डन स्कूल मौजूद रहे। गत दिवस खेले गए प्रथम मैच 31वीं वाहिनी पीएसी व जेसीस पब्लिक स्कूल के मध्य खेला



गया। जिसमें जेसीस पब्लिक स्कूल 3-0 से विजयी रही। द्वितीय मैच एमिनिटी पब्लिक स्कूल व माउंट लिटरा जी स्कूल के मध्य होना था जिसमें एमिनिटी पब्लिक स्कूल को वाक ओवर दिया गया। अन्तिम मैच गुरू नानक पब्लिक स्कूल व अजीम प्रेमजी स्कूल के मध्य खेला गया जिसमे गुरू नानक पब्लिक स्कूल 2-0 से विजयी रही

# बाल्मीकि युवा कमेटी ने मनाया बाल्मीकि प्रकटोत्सव

## भाजपा जिलाध्यक्ष सुखीजा ने किया कार्यक्रम का शुभारम्भ

गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर के बाल्मीकि मंदिर परिसर में बाल्मीकि युवा कमेटी के तत्वधान में महर्षि बाल्मीकि के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के संयोजन अनुसूचित मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं युवा समाजसेवी अश्वनी कुमार रजत द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा का स्वागत किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा द्वारा महर्षि बाल्मीकि महाराज के चित्रण के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा ने उपस्थित जनता को सम्बोधित करते हुए कहा वाल्मीकि, संस्कृत रामायण के प्रसिद्ध रचयिता हैं जो आदिकवि के रूप में प्रसिद्ध हैं।उन्होंने संस्कृत मे रामायण की रचना की।महर्षि वाल्मीकि द्वारा रची रामायण वाल्मीकि रामायण कहलाई। रामायण एक महाकाव्य है जो कि राम के जीवन के माध्यम से हमें जीवन के सत्य व कर्तव्य से, परिचित करवाता है।आदिकवि शब्द आदि और कवि के मेल से बना है। आदि का अर्थ होता है प्रथम और कवि का अर्थ होता है काव्य का रचयिता है।शास्त्रों में इनके पिता महर्षि कश्यप के पुत्र वरुण या आदित्य माने गए हैं, एक समय गहरे ध्यान में ऐसे बैठ गये की इनके शरीर को दीमकों ने अपना घर बनाकर ढक लिया था, तभी से वाल्मीकि कहलाए. महर्षि बनने से पूर्व वाल्मीकि रत्नाकर नाम के खुंखार डाकू के नाम से जाने जाते थे, जो परिवार के पालन के





लिए लोगों को लुटा करते थे।परन्तु हृदय परिवर्तन से उन्होंने राम नाम को वो अलख जलाई जिस से समस्त सनातनी आज बाल्मीकि महाराज को अपना आदर्श मानता है। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक अश्वनी कुमार रजत,पूर्व अध्यक्ष शोभायात्रा उमेश कुमार, बाल्मीकि युवा कमेटी अध्यक्ष गौरव कुमार, उपाध्यक्ष सागर कुमार, उपाध्यक्ष सूरज कुमार,अभिषेक कुमार,सचिव रजत कुमार पन्नू, उपसचिव शिवम कुमार गोलू, कोषाध्यक्ष विशु,उपकोषाध्यक्ष अक्की, महामंत्री अंकित कुमार, मंत्री शुभम कुमार ,राजा ,अनमोल,सोनू, पवन, आदर्श, सुमित,प्रशांत,जॉनी, अमन, गोलू, लक्की, बन्टी, आकाश, अभय, देबू, सुदेश,राजेश,देव,राजकुमार ,गुडडू, अरुण,अंशुल, आदर्श,सन्नी, अमित, बिट्टू, सचिन,अरुण चौधरी,सन्नी चौधरी, सचिनरमेश चौधरी,नन्हे राही, राकेश राजपूत,राजपाल, अमन, हरपाल सिंह हितकारी,सुनील बाबू, विनोद विजेंदर,नरेश,सुदेश, सुरेश, राजेन्द्र, अंकुश, प्रकाश, सुनील, राकेश चौधरी, अजय,गुलशन, आकाश, प्रेम, अमित, नरेश, रमेश, संजय रककेश बाल्मीकी, विजयपाल, बांकेलाल, रककेश सरपंच,सुरेश मंत्री,उदेश बाल्मीकि, विजय बाल्मीकि, आयुष, राकेश वर्जनट, राजेश हितकारी,सुनील सावरिया, करतार सिंह,राहुल बाल्मीकि, दिलीप, राहुल बाल्मीकि,छोटे राजेश मंत्री, रंजीत बाल्मीकि,राजेश कल्लू सुरेश खुराना, पंकज सेतिया,कपिल अरोरा,नरेश हुड़िया, जसवीर सिंह चीमा, विनोद चुघ, सोनू पोपली, मनोज गुम्बर,राज कुमार झाम,शिवम त्रिपाठी, संजय सिंह,विशाल सक्सेना, कृष्ण लाल गाबा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# नोंक झोंक के बीच हल्द्वानी के बाजार में अतिक्रमण पर चल डंडा, सामान जब्त किया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आगामी त्यौहारों को देखते हुए बाजार क्षेत्र में लगातार हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन व निगम प्रशासन ने एक बार फिर सख्त रवैया अपना लिया है। बार बार व्यापारियों से दुकानों के आगे अतिक्रमण न करने की चेतावनी देने के बावजूद भी व्यवस्थाओं में कोई सुधार न होने पर गत सायं निधारित समय के बाद नगर निगम व जिला प्रशासन ने कालाढूंगी रोड से मुख्य बाजार की ओर अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरूआत कर दी। सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, नगर सहायक आयुक्त गणेश भट्ट की अगुवाई में नगर निगम और पुलिस प्रशासन की टीम कालाढूंगी चौराहे पर पहुंच गई ।प्रशासन की टीम को देखते ही तमाम व्यापारियों ने दुकान के बाहर फैलाए अपने सामान समेटने शुरू कर दिए। इस दौरान टीम व अतिक्रमणकारियो के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। लेकिन प्रशासन ने उनकी एक ना सुनी और अतिक्रमण हटाते हुए आगे बढ़ती गई। टीम ने सड़क किनारे अतिक्रमण जमाए बैठे दर्जनों व्यापारियों के सामान को जब्त भी कर



लिया।प्रशासन की इस कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। कई व्यापारी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को देखते ही अपना सामान समेट कर दुकान बंद कर निकल गए। प्रशासन की इस कार्रवाई से व्यापारियों व प्रशासन के बीच काफी नोंकझोंक भी हुई। व्यापारियों का कहना था कि हर साल दीपावली पर्व पर ही प्रशासन को बाजार से अतिक्रमण हटाने की याद ही क्यों आती है। यह व्यापारियों का सरेआम उत्पीड़न है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि त्यौहार पर दुकानों में सामान भरकर अच्छी बिक्री की उम्मीद करता है। परंतु प्रशासन उनकी उम्मीदों पर पानी फेरने चला आता है। लेकिन अधिकारियों ने व्यापारियों की एक ना सुनी और टीम अतिक्रमण हटाते हुए आगे बढ़ती गई। टीम ने बाजार क्षेत्र में कारखाना बाजार, सदर बाजार, बर्तन बाजार व पटेल चौक आदि क्षेत्रों में बड़े पैमाने परअतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।इधर प्रशासनिक टीम ने भी भारी विरोध के बीच अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही जारी रखते हुए लोगों के सामान जब्त किया। इधर सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने कहा कि बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण कारियों को पहले ही सूचित कर दिया गया था लेकिन उसके बावजूद भी अतिक्रमण कारी सड़क घेरे बैठे हुए हैं। इसके साथ ही बाजार क्षेत्र में उच्चकों की भरमार रहती थी। जिस कारण से बाजार में अराजकता तत्वों का अड्डा बन गया था। उन्होंने कहा कि बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे भी इसी तरह से अतिक्रमण अभियान जारी रहेगा।

# देवभूमि रक्षा मंच का शिष्टमंडल एसएसपी से मिला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देव भूमि रक्षा मंच का एक प्रतिनिधि मण्डल कमलेश तिवारी के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा से मिला। उन्होंने बताया कि 29 अगस्त 2024 को शाम लगभग 7:15 बजे गिरीश चंद पाण्डे निवासी गुरू अर्जुन देव कालौनी लालपुर कोतवाली किच्छा के दरवाजें तोडकर मुस्लिमों द्वारा उनकी बेटी व पत्नी से मारपीट अभद्रता की तथा घर का सामान



व नकदी लूट कर ले गए। पीडित गिरीश चंद पाण्डे के परिवार को कोतवाली किच्छा में मामले की शिकायत का कार्रवाई की मांग की। परंतु पुलिस हमलावरों से समझौता करने का दबाव बना रही है।उन्होंने जांच अधिकारी दरोगा भूपेन्द्र सिहं की भूमिका पर भी संदेह जाहिर किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी शिकायतों का त्वरित समाधान करने का आस्वासन दिया गया। जिसके बाद संगठन द्वारा सभी प्रकार के विरोध प्रदर्शन आन्दोलन अगली बैठक तक स्थगित कर दिए गये। शिष्ट में रेनू जुनेजा, हरदेव सिंह व दीप सिंह शामिल थे।

# आपदा प्रबन्धन एवं प्राथमिक सहायता विषय पर एनडीआरएफ की कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदय राज सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) एवं उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी की अध्यक्षता में कार्यालय जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, ऊधमसिंह नगर में आपदा प्रबन्धन एवं प्राथमिक सहायता विषयक दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एनडीआरएफ टीम गदरपुर द्वारा जनपद स्तर पर नामित आई0आर0एस0 प्रणाली के अधिकारियों को आईआरएस सिस्टम, आपदा प्रबन्धन, आपदा प्रबन्धन एक्ट 2005 एवं प्राथमिक सहायता (आघात एवं चिकित्सा रोगी की देखभाल तथा तत्काल राहत सहायता) विषयक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी ने कहा कि आपदा से निपटने के लिए ऐसे प्रशिक्षण अति आवश्यक है। ऐसे प्रशिक्षण से सभी अधिकारी अपडेट रहते है व आपदा के दौरान अपना कार्य सफलतापूर्वक कर सकते है। उन्होने कहा कि एनडीआरएफ द्वारा दिये जा रहे प्रशिक्षण को गम्भीरता





एवं गहनता से ले ताकि आपदा के समय समन्वय मनाते हुए अपने कार्यों को निर्बाध कर सके। उन्होने कहा कि एनडीआरएफ आपदा विषेशज्ञ टीम है, देश-प्रदेश में आपदा के दौरान एनडीआरएफ ने कई सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया है। उन्होने कहा कि समय-समय पर अधिकारियों को आपदा मॉकड्रिल कराये जाते है ताकि सभी अधिकारी अपडेट रहे। प्रशिक्षक असिस्टेंट कमाण्डेंट आरएस धपोला ने आपदा आने वाले कारकों एवं उनसे बचाव हेतु रिर्सोस एवं उपलब्ध संसाधनों से आपदा के प्रभाव को कम करने हेतु मिडिऐशन कार्य पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होने बताया कि आपदा के समय सूचना प्राप्त होते ही आईआरएस सिस्टम सक्रिय हो जाता है जो जिलाधिकारी के नेतृत्व में प्रथम रिस्पॉन्डर के रूप में कार्य करता है। उन्होने कहा कि हमे जनपद में उपलब्ध संसाधनों का डाटा हमेशा अपडेट रहना चाहिए ताकि आपदा के समय उपलब्ध संसाधनों का त्वरित एवं अधिकतम उपयोग किया जा सके। उन्होने 30 जुलाई 2024 को आई केदारनाथ आपदा की घटना एवं उसके राहत और बचाव कार्यों के अनुभव को साझा किया। कार्यशाला में एनडीआरएफ के द्वारा कार्यशाला में आये सभी अधिकारियों को आपदा के दौरान किये जाने प्राथमिक कार्यों का प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रभारी अधिकारी, आपदा गौरव पाण्डेय, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, मुख्य कृषि अधिकारी अभय सक्सेना, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 राजेश आर्या, डीओपीआरडी बीएस रावत, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमा शंकर नेगी, जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई पीसी पाण्डे, लघु सिंचाई सुशील कुमार, निरीक्षक एनडीआरएफ अनिल चन्द, संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अमृत सरोवरों को आजीविका के स्रोत के रूप में विकसित करें: सीडीओ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा निर्मित 70 अमृत सरोवर में जल संरक्षण, संवर्धन के साथ ही आजीविका उपार्जन किये जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में सम्बन्धित विभागों के साथ विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित हुई। उन्होने बताया कि जनपद में 80 अमृत सरोवर निर्मित किये गये है जिसमे से 10 वन क्षेत्र में व 70 राजस्व क्षेत्र में बनाये गये है। आजीविका उपार्जन हेतु स्वंय सहायता समूहों को 27 अमृत सरोवर, युवा मंगल दल को 09, सहकारिता विभाग को 03, मत्स्य को 22, पंचायतीराज को 05 व पर्यटन विभाग को 04 अमृत सरोवर विभिन्न प्रयोजन हेतु आवंटित किये गये है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अमृत सरोवरो को आजीविका के स्रोत के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न संस्थाओं को आवंटित किये गये है। अभी तक 62



अमृत सरोवर विभागों द्वारा अपने स्तर से स्वयं सहायता समूह, युवा मंगल दलों, सहकारिता समूहों, मत्स्य पालकों को आवंटित किये गये है जबकि 8 अमृत सरोवरो का आवंटन विभागों द्वारा गतिमान है। उन्होने जिन विभागों द्वारा अमृत सरोवरों का आवंटन अपने स्तर से नही किया है उन्हे तुरंत आवंटन करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि अमृत सरोवरों में क्या गतिविधियां की जायेंगी उसकी सूची उपलब्ध कराये ताकि विभिन्न गतिविधियों में उनका तकनीकि सहयोग व सहायता की जा सकें। उन्होने कहा कि अमृत सरोवर में मत्स्य पालन, जल क्रीडा, सिंघाड़ा उत्पादन गतिविधियों के साथ ही अन्य जीविका उपार्जन गतिविधिया कर आय उपार्जन की जा सकती है इसके लिए जो अमृत सरोवरों को कार्य हेतु ले रहे है उनको प्रेरित किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि कितने स्वयं सहायता समूह व कितने युवा मंगल दलों को अमृत सरोवर विभागों द्वारा आवंटन किय गये है और क्या-क्या गतिविधियां उनमें की जा रही है उसकी विस्तृत सूचना उपलब्ध कराये। उन्होने कहा कि अभी तक आवंटित अमृत सरोवरों से 2 लाख 40 हजार धनराशि अर्जित हुई है जिसको सरोवरो के सुदृढीकरण में उपयोग किया जायेगा। उन्होने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि अमृत सरोवरो में जल संरक्षण, जल संचय को ध्यान में रखकर कार्य करें। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए हिमांशु जोशी, जिला पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट सहित वर्चूअल माध्यम से खण्ड विकास अधिकारी जुड़े थे।

# संदिग्ध हालातों में किशोरी लापता

काशीपुर( उद संवाददाता)। कोतवाली थाना क्षेत्र से एक किशोरी बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया। ग्राम सयालीपुर नचल उर्फ मंधोरा, तहसील धामपुर जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश निवासी मानसिंह पुत्र स्वर्गीय रामचरण सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 16 वर्षीया पुत्री पिछले लगभग दो माह के करीब से काशीपुर के मोहल्ला कवि नगर स्थित दुर्गा मंदिर के समीप निवासी अपने चाचा रमेश के साथ रह रही थी। बीते 19 अक्टूबर को दिन के लगभग सवा ग्यारह बजे किशोरी चाचा के घर से बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई इसका तमाम तलाश के बाद भी अब तक कहीं कोई पता नहीं चल सका। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दिया है।







# छात्रसंघ चुनाव पर दो दिन में स्थिति स्पष्ट करे राज्य सरकार : हाईकोर्ट

नैनीताल। नैनीताल हाईकोर्ट ने विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने राज्य सरकार और अन्य को दो दिन के भीतर इस मामले में स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं। अगली सुनवाई 23 अक्तूबर बुधवार को होगी। न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा एवं न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। देहरादून निवासी सामाजिक कार्यकर्ता महिपाल सिंह ने समाचारपत्रों में 25 अक्तूबर को राजकीय विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव कराए जाने की खबर को आधार बनाते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा था कि राज्य सरकार ने 23 अप्रैल 2024 को एक शैक्षणिक कैलेंडर जारी किया था। इसमें छात्रसंघ चुनाव 30 सितंबर 2024 तक कराने का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन ने समय पर चुनाव नहीं कराए और ना ही शासन से दिशा-निर्देश प्राप्त किए, जो लिंगदोह समिति की सिफारिशों का उल्लंघन है। इससे छात्रों की पढ़ाई में असर पड़ रहा है।



# सीएम ने पुलिस कर्मियों के लिए लगाई घोषणाओं की झड़ी

## सीएम धामी ने पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस एवं अर्द्ध सैन्य बलों के शहीद जवानों के परिजनों को किया सम्मानित

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन, देहरादून में शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर पुलिस एवं अर्द्ध सैन्य बलों के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शहीद पुलिस जवानों के परिजनों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पुलिस कार्मिकों के आवासीय भवनों के निर्माण के लिए आगामी वित्तीय वर्ष में 100 करोड़ की राशि आवंटित करने, उत्तराखण्ड पुलिस विभाग में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के पौष्टिक आहार भत्ते में 100 की वृद्धि करने, निक्षकों और सहायक उप निक्षकों के वर्दी भत्ते में 3500 की वृद्धि करने और 9,000 फीट से अधिक ऊँचाई पर तैनात पुलिस और एस.डी.आर.एफ. कर्मियों को प्रदान किए जा रहे उच्च तुंगता भत्ता 200 प्रतिदिन से बढ़ाकर 300 प्रतिदिन किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आन्तरिक सुरक्षा व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने का उत्तरदायित्व राज्यों के पुलिस बल एवं अर्द्ध सैनिक बलों का है। विगत एक वर्ष में सम्पूर्ण भारत में अर्द्ध सैनिक बलों एवं विभिन्न राज्यों के कुल 216 पुलिसकर्मी शहीद हुए। जिसमें उत्तराखण्ड पुलिस के 04 वीर सपूतों ने भी अपने प्राणों की आहुति दी है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय पुलिस स्मारक की स्थापना की गई है, जो हमारे पुलिस बल के अद्वितीय समर्पण और बलिदान का प्रतीक है। पिछले कुछ वर्षों में हमा पुलिस ने अनेक चुनौतियों का सामना किया है।किसी भी राज्य की पुलिस व्यवस्था उस राज्य की सुरक्षा और समृद्धि का एक अभिन्न स्तम्भ है। राज्य पुलिस भी सेवा की भावना और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए अनेक चुनौतियों नशा, साइबर क्राइम, महिला अपराध, यातायात व्यवस्था, चारधाम यात्रा, आपदा, भूस्खलन, कांवड़ यात्रा प्रबंधन का सामना करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 तक देवभूमि उत्तराखण्ड को ड्रग्स फ्री बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए उत्तराखण्ड पुलिस के अन्तर्गत एक त्रिस्तय एण्टी नारकोटिक फोर्स का गठन किया गया है। इस वर्ष 1100 से ज्यादा नशे के सौदागरों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए लगभग ध23 करोड़ के नारकोटिक पदार्थ भी बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के प्रत्येक थाने पर "महिला हेल्प डेस्क" के अन्तर्गत 'क्यूआरटी' का गठन किया गया है। बच्चों एवं महिलाओं के प्रति हुए अपराधों में 95 प्रतिशत से अधिक मामलों का अनावरण कर 50 प्रतिशत से अधिक अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी है। जिसके लिए उत्तराखण्ड पुलिस बधाई की पात्र है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिसकर्मियों के आवासीय स्तर को सुधारने के लिए 150 करोड़ से अधिक की लागत से 380 आवासों का निर्माण किया जा चुका है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 42 करोड़ की लागत से 05 पुलिस थानों 02 पुलिस चौकियों, 02 फायर स्टेशनों और तीन पुलिस लाइनों के प्रशासनिक भवनों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। पुलिस के रिस्पांस टाइम को बेहतर करने के लिए 1105 पुलिस वाहनों की खद के लिए मंजू दी गई है। पुलिस सैल पैकेज के अन्तर्गत पुलिस कार्मिकों के लिए 75 लाख से 1 करोड़ तक का दुर्घटना बीमा कराया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत 15 करोड़ से अधिक की धनराशि दिवंगत पुलिस कार्मिकों के परिजनों को प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि एस.डी.आर.एफ की एक कम्पनी स्वीकृत करते हुए 162 पदों का सृजन किया गया है। 06 थानों व 21 पुलिस चौकियों के क्रियान्वयन हेतु 327 पद एवं पी.पी.एस के ढांचे में 11 नये पदों का सृजन किया गया है। उप निक्षक स्तर के 222 पदों पर भर्ती निकाली गयी है तथा 2000 सिपाहियों की भर्ती की प्रक्रिया होनी है। राज्य में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए उत्तराखण्ड खेल नीति के अन्तर्गत कुशल खिलाड़ी कोटे में भी पुलिस विभाग में भर्तियां की जायेंगी।इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्या, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, डॉ. धन सिंह रावत, मधु चौहान, विधायक विनोद चमोली, मुन्ना सिंह चौहान, मती सविता कपूर, मुख्य सचिव मती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव गृह शैलेश बगौली, डीजीपी अभिनव कुमार एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।





# चयनित खिलाड़ियों के लिए लगेंगे प्रशिक्षण कैंप, हर जिले में निकलेगी मशाल रैली : रेखा

देहरादून (उद संवाददाता)। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि 26 अक्टूबर से राष्ट्रीय खेलों के लिए चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण कैंप शुरू हो जाएगा। खिलाड़ियों में आत्मविश्वास बढ़ाने और मार्गदर्शन के लिए देश और विदेश के कोच मुहैया कराए जाएंगे। सोमवार को खेल मंत्री मती रेखा आर्य ने विधानसभा भवन, देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैया को लेकर उत्तराखण्ड ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक की और अनेक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस बैठक में खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया और उनके कैंप पर संघ के साथ विमर्श किया गया। संघ के अनुसार चयनित खिलाड़ियों का पहला कैंप 26 अक्टूबर से शुरू होगा और भविष्य में ऐसे कैंप और भी लगाए जाएंगे। खेल मंत्री ने कहा कि बैठक में खिलाड़ियों के लिए उत्कृष्ट कोच मुहैया करवाने पर भी सर्वसम्मति बनी और तय किया गया कि कोच चाहे देश के भीतर के हों या विदेश से हों, उनको खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। खेल विभाग की ओर से प्रस्ताव तैयार किया गया है कि अगले साल होने वाले राष्ट्रीय खेलों में राज्य के पदक विजेता खिलाड़ियों को इनाम के तौर पर मौजूदा के मुकाबले दोगुनी धनराशि दी जाएगी। राज्य में अभी राष्ट्रीय खेलों में गोल्ड मेडल जीतने वाले



खिलाड़ी को छह लाख की नकद राशि मिलती है। यदि वित्त विभाग की ओर से मंजू मिलती है तो यह राशि 12 लाख रुपये हो जाएगी। इसी तरह अन्य पदकों पर भी राशि में बढ़ोत होगी।आज की बैठक में यह भी तय किया कि राष्ट्रीय खेलों से पहले प्रदेश के सभी जनपदों में 'टॉर्च रैली' निकाली जाएगी और ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों-लोगों को इस से जोड़ा जाएगा। राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिए हर स्तर पर उत्तरांचल ओलंपिक संघ को सहयोग दिया जा रहा है और हम सभी के साझा प्रयास यही हैं कि बेहतन खिलाड़ी प्रदेश में तैयार किए जाएंगे। हम उत्तराखण्ड को खेलों में सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं और हम प्रदेश के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य हेतु संकल्पित हैं ।बैठक में सचिव खेल अमित सिन्हा, सचिव महिला सशक्ती करण एवं बाल विकास चन्द्रेश यादव, निदेशक प्रशांत आर्य, उत्तराखण्ड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष पूर्व विधायक महेश नेगी, सीईओ चेतन गुरुंग, महासचिव डी के सिंह, कोषाध्यक्ष महेश जोशी, सदस्य प्रमोद चौध सहित विभागीय अधिका मौजूद रहे।

# जिला स्तर पर जे.ई और रोजगार सेवकों के रिक्त पदों की नियुक्ति सुनिश्चित करें : जोशी

देहरादून (उद संवाददाता)। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड राज्य रोजगार गारंटी परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अब तक परिषद द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान ग्राम्य विकास मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला स्तर पर जल्द से जल्द जे.ई और रोजगार सेवकों के रिक्त पदों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि विकास कार्यों में गति लाई जा सके। उन्होंने मे गांव मे सड़क योजना को ब्लॉक स्तर पर भी तेजी से लागू करने का आदेश दिया और कहा कि इस योजना का क्रियान्वयन उच्च गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण किया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड को हर संभव वित्तीय सहायता मिल रही है, जिसे जमीनी स्तर तक पहुंचाने का दायित्व अधिकारियों का है। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि केंद्र से प्राप्त वित्तीय सहायता का सही



उपयोग हो, ताकि हर जरूरतमंद को इसका लाभ मिल सके। गणेश जोशी ने एक पेड़ मां के नाम, हरेला और अमृत सरोवर योजनाओं पर विशेष जोर देते हुए कहा कि संबंधित अधिका इन योजनाओं के तहत लगाए गए वृक्षों की पू जानका और मॉनिटरिंग समय पर उपलब्ध कराएं। साथ ही, अमृत सरोवर योजना को भी प्रभावी ढंग से लागू करते हुए सरोवर के किनारों पर वृक्षारोपण और सब्जी उत्पादन को रोजगार सृजन का माध्यम बनाने पर विशेष ध्यान दें।उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर योजना प्रधानमंत्री का एक विशेष प्रोजेक्ट है, जिससे न केवल पेयजल की समस्या हल होगी, बल्कि सरोवरों के किनारों पर वृक्षारोपण और कृषि कार्यों से स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने जिलाधिकारियों और मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह योजना सुचारू रूप से लागू हो और अधिक से अधिक लोगों तक इसका लाभ पहुंचे। इस दौरान बैठक में अपर सचिव एवं आयुक्त धीराज सिंह गर्ब्याल, जिलाधिका अल्मोड़ा आलोक कुमार पांडेय, उप आयुक्त परियोजना प्रकाश रावत, और वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से विभिन्न जनपदों के मुख्य विकास अधिका और संबंधित विभागों के अधिका उपस्थित रहे।

# 53 हजार दुग्ध उत्पादक किसानों को मिलेगा बोनस

## दीपावली से पहले दुग्ध उत्पादक किसानों को बकाए का पूरा भुगतान होगा : सौरभ बहुगुणा

देहरादून (उद संवाददाता)। दीपावली से पहले राज्य सरकार, दुग्ध उत्पादक किसानों को उनके लंबित बकाए का पूरा भुगतान कर देगी। पशुपालन, दुग्ध विकास, मत्स्य पालन मंत्री श्री सौरभ बहुगुणा ने इसकी जानकारी देते हुए, बताया कि आंचल द्वारा राज्य के छह स्थानों पर दीपावली मेले का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आंचल के उत्पादों की बिक्री की जाएगी। सोमवार को सचिवालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पशुपालन, दुग्ध विकास, मत्स्य पालन मंत्री श्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार पशुपालकों के हित में कार्य कर रही है। इसके लिए सरकार किसानों को कई तरह से प्रोत्साहन दे रही है। बहुगुणा ने बताया कि किसानों का दुग्ध संघों पर करीब साढ़े 12 करोड़ रुपए बकाया चल रहा है। इसी तरह दुग्ध प्रोत्साहन राशि के रूप भी 5.89 करोड़ रुपए का बकाया चल रहा है। उक्त सभी बकाया राशि का भुगतान दीपावली से पहले कर दिया जाएगा। इसका लाभ करीब 53 हजार दुग्ध उत्पादक किसानों को मिलेगा। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि सरकार ने गत ढाई साल में दूध के दाम को आठ से 11 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ाया है, जबकि पहले सालाना औसत बढ़ोत्तरी एक से सवा रुपए प्रति लीटर तक होती थी। इसके फलस्वरूप अब दुग्ध उत्पाद किसान, आंचल के जरिए दूध की बिक्री के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं। यही कारण है कि



दुग्ध संघ का टर्न-ओवर दो साल में 20.94 करोड़ रुपए से बढ़कर, 43.78 करोड रुपए पहुंच गया है। जबकि लाभ 2.71 करोड़ रुपए से बढ़कर 7.23 करोड़ रुपए पहुंच गया है। मंत्री बहुगुणा ने बताया कि सरकार किसानों की आय को बढ़ाने के लिए कई योजना चला रही है। इसके लिए गंगा गाय योजना में गाय या भैंस खरीदने के मानकों में पहाड़ी क्षेत्रों के अनुसार बदलाव किए गए हैं। साथ ही सरकार साइलेज पर भी सब्सिडी को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर चुकी है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि 2022 में एक बार भूसे का रेट 1600 रुपए प्रति कुंतल तक पहुंच गया था, इसके बाद सरकार भूसे पर 50 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान कर रही है। बहुगुणा ने कहा कि आंचल को लाभप्रद बनाने के लिए नए उत्पाद लांच किए गए। उन्होंने बताया कि आंचल के जरिए किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभाग की ओर से नैनीताल, यूएसनगर, देहरादून, हरिद्वार, चम्पावत और चमोली में दीपावली से पहले अलग अलग तिथियों पर दो दिवसीय दीपावली मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आंचल के उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। इन मेलों में विभागीय प्रचार प्रसार के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। विभागीय मंत्री ने बताया कि सरकार मत्स्य पालन, कुक्कुट पालन, बकरी पालन के जरिए भी स्वरोजगार को प्रोत्साहन देते हुए, पलायन रोकथाम का प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि आज सोमवार को ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से गुजरात में उत्तराखण्ड के बद्री घी की लांचिंग की जा रही है, इससे बद्री घी को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से सितारगंज में एक्वा पार्क का भी निर्माण किया जा रहा है। इससे राज्य के मत्स्य पालकों को लाभ मिलेगा । इस मौके पर विभागीय सचिव डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि उक्त सभी घोषणाएं रुद्रप्रयाग जिले को छोड़कर शेष सभी जिलों में तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

# भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने किया बिकानेर स्वीट्स का शुभारम्भ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गंगापुर रोड पर दक्ष चौक के पास बिकानेर स्वीट्स के नये प्रतिष्ठान का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने फीता काटकर किया। उन्होंने प्रतिष्ठान स्वामी मोहन सिंह, राधेश्याम और उनके परिवार के अन्य लोगों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मोहन सिंह ने प्रतिष्ठान के बारे में बताया कि रूद्रपुर में यह चौथा प्रतिष्ठान है। प्रतिष्ठान में विशेष रूप से राजस्थानी मिठाईयां और अन्य व्यंजन पेशेवर कारगीरों द्वारा तैयार किये जाते हैं। क्वालिटी पर उनका खास फोकस रहता है।



उन्होंने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि उनका ध्येय है। प्रतिष्ठान स्वामी ने उदघाटन के मौके पर आये सभी अतिथियों का आभार जताया। साथ ही मुख्य अतिथि विकास शर्मा समेत अन्य गणमान्य अतिथियों को राजस्थानी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। उदघाटन के अवसर पर एसपी सिटी मनोज कत्याल, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा, संजय ठुकराल, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, सुशील बतरा, संजीव पाण्डे, मदन खन्ना, अमरेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, राजीव गंगवार, भंवर सिंह, उमंग सिंह, दशरथ सिंह, भरत मीना, राधेश्याम,रामाधारी गंगवार, रामप्रसाद,रोहित चौहान,ओमप्रकाश आदि सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद थे।

# मेहनत और लगन से व्यापार में बनाया मुकाम

**राजस्थान से आकर रूद्रपुर में जमाया कारोबार, व्यवसायी मोहन सिंह ने बिकानेर स्वीट्स की सफलता के खोले राज**

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कोशिश सच्ची और लगन पक्की हो तो हर मुश्किल आसान हो जाती है। राजस्थान निवासी व्यवसायी मोहन सिंह ने भी अपनी मेहनत और लगन से व्यापार में बड़ा मुकाम हासिल किया है। देश भर में राजस्थानी स्वाद के लिए मशहूर बिकानेर स्वीट्स का रूद्रपुर में एक और प्रतिष्ठान खुल गया है। रूद्रपुर में बिकानेर स्वीट्स के चौथा प्रतिष्ठान गंगापुर रोड पर खुला है। राजस्थान के ग्राम चावंडा निवासी मोहन सिंह और उनके भतीजे राधेश्याम ने साल 2000 में बिकानेर स्वीटस की रूद्रपुर में शुरूआत की थी। उस समय उत्तराखण्ड नया राज्य बना था,तब मोहन सिंह नैनीताल घूमने आये थे। इस दौरान एक दिन के लिए वह रूद्रपुर में भी रूके और उन्होंने रूद्रपुर में अपना पुश्तैनी व्यवसाय शुरू करने का मन बना लिया। जिसके बाद मिड टाउन होटल के नीचे उन्होंने श्री बिकानेर स्वीट्स का शुभारम्भ किया और अपनी मेहनत और मृदु व्यवहार के दम पर रूद्रपुर में राजस्थानी स्वाद की ऐसी खुशबू बिखेरी कि लोग राजस्थानी व्यंजनों के दिवाने हो गये। यही वजह है



कि आज रूद्रपुर में बिकानेर स्वीट्स का चौथा प्रतिष्ठान खुला है। 2010 में मोहन सिंह ने अपना दूसरा प्रतिष्ठान बिकानेर रेस्टोरेंट थाली हाउस आवास विकास में खोला था उसके बाद 2016 में किच्छा में बिकानेर स्वीट्स एण्ड रेस्टोरेंट का शुभारम्भ किया, 2022 में काशीपुर रोड ग्रीन पार्क के पास बिकानेर ठाठ बाठ के नाम से प्रतिष्ठान खोला और अब गंगापुर रोड और बिलासपुर में एक साथ दो नये प्रतिष्ठान खोले हैं। इससे पहले जोधपुर और जैसलमेर में मोहन सिंह पांच प्रतिष्ठानों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं। राजपुरोहित परिवार से ताल्लुक रखने वाले मोहन सिंह बताते हैं कि यह उनका पुश्तैनी काम है। आज देश भर में उनकी बिरादरी के लोग सैकड़ों प्रतिष्ठान बिकानेर के नाम से चला रहे हैं। जम्मू से लेकर कन्या कुमारी, पंजाब, हरियाणा महाराष्ट्र सभी जगह राजस्थानी स्वाद के लोग दिवाने हैं। रूद्रपुर में अपनी सफलता का राज बताते हुए मोहन सिंह ने बताया कि उन्होंने क्वालिटी से कोई समझौता नहीं किया और क्वालिटी के साथ साथ अपने व्यवहार से भी ग्राहकों का दिल जीता। शुरूआत में कुछ दिक्कतें जरूर आई लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। कई नये व्यंजन उन्होंने रूद्रपुर के ग्राहकों को पहली बार उपलब्ध कराये। गौंदगिरी के लड्डू, पनीर की जलेबी, बिकानेरी बर्फी, प्याज की कचौड़ी, राजस्थानी थाली, दाल भाटी चूरमा जैसे कई व्यंजन आज लोगों की पहली पसंद बन चुके हैं। इन सभी व्यंजनों को राजस्थानी पेशेवर कारीगरों द्वारा तैयार किया जाता है। मोहन सिंह बताते हैं कि स्नातक तक पढ़ाई करने के बाद 20 वर्ष की उम्र से वह इस पेशे में हैं। व्यवसाय में उन्होंने कई उतार चढ़ाव भी देखे लेकिन हिम्मत नहीं हारी। व्यापार के साथ ही वह ग्राम प्रधान के रूप में समाज की सेवा भी कर रहे हैं। पिछले चार वर्ष से वह चावंडा ग्राम पंचायत के प्रधान हैं। रूद्रपुर में उनका पूरा व्यवसाय भतीजे राधेश्याम, बेटा भरत सिंह, अजय पाल के अलावा परिवार के ही दशरथ सिंह, चंदन, रघुवीर, अमित, किशन सहित अन्य लोग संभाल रहे हैं। मोहन सिंह का कहना है कि ग्राहकों की संतुष्टि उनका ध्येय है, क्वालिटी से उन्होंने पहले भी समझौता नहीं किया है आगे भी नहीं करेंगे।

# शहीद पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर गत दिवस पूरे देश में पुलिस एवं अर्द्ध सैनिक बलों के अधिकारी/कर्मचारी वीरगति को प्राप्त हुए कुल 216 अधिकारी/कर्मचारी 31वी वाहिनी पीएसी के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। श्रीमती प्रीति प्रियदर्शिनी, सेनानायक 31वी वाहिनी पीएसी द्वारा वर्ष 1977 मैस) तथा 31वी वाहिनी पीएसी स्थित पीएसी पेट्रोल पम्प का नाम स्व. कान्सटेबल सुरेन्द्र सिंह के नाम पर (स्व0 कान्सटेबल सुरेन्द्र सिंह 31वी वाहिनी पीएसी पेट्रोल पम्प) किये जाने की





जिनमें से उत्तराखण्ड पुलिस के 04 पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी भी सम्मिलित हैं को उनके महान कर्तव्य पालन एवं आत्म बलिदान की सराहना में शहीद पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी को सलामी गार्द द्वारा सलामी दी गयी तथा श्रीमती प्रीति प्रियदर्शिनी, सेनानायक 31वी वाहिनी पीएसी एवं तथा वर्ष 1982 में जोखिम भरे कार्यों के करते हुए बलिदान हुए 31वी वाहिनी पीएसी के कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह एवं नायक सुरेन्द्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 31वी वाहिनी पीएसी स्थित पुलिस आफिसर्स मैस का नाम स्व. नायक सुरेन्द्र सिंह के नाम पर (स्व0 नायक सुरेन्द्र सिंह पुलिस आफिसर्स घोषणा की गयी। इस अवसर पर श्रीमती प्रीति प्रियदर्शिनी, सेनानायक, 31वी वाहिनी पीएसी, डॉ. उत्तम सिंह नेगी, उप सेनानायक, तपेश कुमार चन्द्र, सहायक सेनानायक एवं समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं वाहिनियों के अन्य अधिकारी/कर्मचारी तथा प्रशिक्षणाधीन प्रशिक्षु हेड कांस्टेबल उपस्थित रहे।

# एयरपोर्ट आथॉरिटी को 524.78 एकड़ भूमि आवंटित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सचिव युकाडा सचिन कुर्वे ने पन्तनगर एयरपोर्ट विस्तारकरण सम्बन्धित वर्चुअल बैठक लेते हुए कहा कि एयरपोर्ट आथॉरिटी को उत्तराखण्ड सरकार द्वारा 524.78 एकड़ भूमि आवंटन कर दी गयी है। इसलिए निदेशक पन्तनगर एयरपोर्ट भूमि की पजेशन लेते हुए अपने सर्वे आदि कार्यों को प्रारम्भ कर लें। जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट आथॉरिटी को 524.78 एकड़ भूमि का जिला प्रशासन व पन्तनगर एयरपोर्ट आथॉरिटी द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर कॉर्डिनेट भी उपलब्ध करा दिये गये हैं। टीडीसी की भूमि जो एयरपोर्ट विस्तारीकरण की जद में आ रही है उसमें भवन, कार्यालय आदि के ध्वस्तीकरण हेतु टेण्डर कर लिए गये है, इसी तरह पन्तनगर विश्वविद्यालय के भी भवन, शोध संस्थान, कार्यालय आदि जद में आ रहे हैं उनका भी चिन्हीकरण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि एनएचएआई को राष्ट्रीय राजमार्ग विस्थापन हेतु 103 एकड़ भूमि चिन्हित



कर पजेशन दे दिया गया है व सड़क का सर्वे डीपीआर बनाने के निर्देश भी दे दिये गये है।सचिव युकाडा ने बताया कि एनएचएआई को 103 एकड़ भूमि के साथ ही 188 करोड़ की धनराशि सड़क विस्थापन हेतु केबिनेट द्वारा भी स्वीकृति दे दी गई है इसलिए एनएचएआई सड़क का सर्वे डीपीआर बनाना सुनिश्चित करें ताकि शीघ्रता से कार्यों में आगे बढ़ा जा सके। जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के नाम पर पन्तनगर विश्वविद्यालय की 1072 एकड़ भूमि कर दी गई थी, जिसकी कार्ययोजना परिवर्तित होने के कारण उक्त किसी परियोजन में नही ली गई है इसलिए उस भूमि को पुनः पन्तनगर विश्वविद्यालय के नाम वापस करने का आग्रह किया। बैठक में उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पाण्डेय, निदेशक एयरपोर्ट आथॉरिटी मोनिका डेम्बला, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ0 अभय सक्सेना, प्रबंधक एनएचएआई मीनू, सहायक निदेशक फार्म पंतनगर डा0 अजय प्रभाकर, आदि मौजूद थे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खाद्य पदार्थों के नमूने लिये

रूद्रपुर। जिलाधिकारी उदय राज सिंह के निर्देशन में आगामी त्योहार दीपावली को मद्देनजर रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ऊधम सिंह नगर की टीम द्वारा बाजपुर, काशीपुर में प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। संदेह के आधार पर मिल्क क्रीम, मावा, मावा बर्फी, दूध, पनीर घी, दाल, रस मलाई, लड्डू,पोहा के कुल 13 नमूने जांच हेतु लिये गये। टीम ने खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधि नियम 2006, नियम एवं विनियमों में दिये मानकों के अनुरूप ही घी, मक्खन व अन्य खाद्य पदार्थों को विक्रय करने के निर्देश दिये गये। टीम द्वारा खाद्य कारोबारियों को



निर्देशित किया गया कि खाद्य पदार्थों के बिलों पर एफएसएसएआई लाईसेंस नंबर अंकित करें, बाह्य प्रदेशों से केवल पंजीकृत/लाईसेंसधारी खाद्य कारोबारकर्ता से ही खाद्य पदार्थों को क्रय करने के निर्देश दिये, एवं खाद्य पदार्थों के क्रय विक्रय करने का दैनिक रिकोर्ड रखने के लिए कहा गया। साथ ही आम जनमानस से अपील की गई कि खाद्य एवं पेय पदार्थों को खरीदते समय निर्माण तिथि/उपभोग की तिथि व खाद्य कारोबारकर्ता का खाद्य लाईसेंस एवं पंजीकरण अवश्य देख लें तथा निम्न गुणवत्ता, अस्वच्छकर एवं अस्वस्थ्यकर खाद्य सामग्री विक्रय किये जाने पर टोल फी नम्बर 18001804246 पर शिकायत करें।टीम में जिला अभिहित अधिकारी, डा० प्रकाश फुलारा,वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी,काशीपुर अपर्णा साह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी,रूद्रपुर आशा आर्या, खाद्य सुरक्षा अधिकारी जसपुर पवन कुमार शामिल थे।

# डांस टैलेंट हंट में आरएएन स्कूल के बच्चों ने मचाई धूम

रूद्रपुर ।आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल में कक्षा 3 से कक्षा 9 तक के विद्यार्थियों के लिए 'डांस टैलेंट हंट' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने अत्यंत उत्साह और रुचि के साथ भाग लिया और अपनी अनूठी प्रतिभा और ऊर्जा का अद्भुत प्रदर्शन किया। डांस टैलेंट हंट की विशेष अतिथि डांस एली की संस्थापक श्रीमती शीना ठुकराल ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके की। जिसके बाद छात्रों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। कक्षा तीन से पांच के लिए थीम 'ओल्ड इज गोल्ड, कक्षा छह से और सात के लिए मिथोलॉजी, और कक्षा आठ और नौ के लिए सेमी-क्लासिकल थी। प्रतियोगिता में प्रशासक श्रीमती निधि राय और प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट सम्मिलित रहीं, जिन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन और समर्थन किया।




श्रीमती शीना ठुकराल ने बच्चों को नृत्य के प्रति प्रोत्साहित करते हुए उन्हें अनेक बारीकियां की जानकारी दी। प्रतियोगिता के अंत में, विजेताओं को सम्मानित किया गया। कक्षा तीन से प्रथम ईशान्वी नारंग, द्वितीय चर्वी पुजारी, तृतीय स्थान आयुषी दत्त रही। जबकि कक्षा चार से प्रथम अक्षत, द्वितीय इशिता और तृतीय आरुषि रहीकक्षा पांच से प्रथम इशिका, द्वितीय समायरा ठाकुर, तृतीय गुरबानी रही। कक्षा छह नाविका बत्रा, युविका अरोरा और अदिति मिश्रा क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय रही। कक्षा सात से गौरी को प्रथम, आरवी अरोरा को द्वितीय और अक्ष अरोरा व सृष्टि वशिष्ठ को तीसरा स्थान मिला। कक्षा आठ में प्रथम आशी जिंदल, द्वितीय दिशा दुमका, तृतीय गीत कौर, निकुंज मेहंदीरता और इशिका सैनी रही। कक्ष नौ से प्रथम हर्षिता पनेरु, द्वितीय पीहू सुखीजा और तीसरे स्थान पर कनिष्क कालरा, सोनाक्षी अरोरा रही।









## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# गरीबी का दुष्चक्र

अक्सर देश की अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों के बूते भारत के एक विकसित देश की श्रेणी में खड़ा होने की ओर बढ़ने की खबरें आती हैं। मगर इसके समांतर ऐसी खबरों पर हैरानी होती है कि भारत दुनिया के उन पांच देशों में है, जहां सबसे ज्यादा तादाद में लोग बेहद गरीबी में अपनी जिंदगी गुजार रहे हैं। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र की एक ताजा रपट में देश में गरीबी की तस्वीर फिर एक जटिल दुश्चक्र के रूप में सामने आई है। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम और आक्सफर्ड विश्वविद्यालय के आक्सफर्ड गरीबी एवं मानव विकास पहल की ओर से तैयार इस रपट में कहा गया है कि दुनिया भर में एक अरब से ज्यादा लोग घोर गरीबी का सामना कर रहे हैं। इनमें से चालीस फीसद लोग युद्ध या किसी अन्य वजहों से नाजुक स्थिति में या फिर वैसे देशों में रह रहे हैं, जहां हमेशा ही हिंसा या अराजकता की आशंका बनी रहती है।इस रपट में दर्ज आंकड़ों के अनुसार भारत में 23.4 करोड़ लोग बेहद गरीबी में जीवनयापन कर रहे हैं। अफसोसनाक हकीकत यह है कि भारत को उन पांच देशों में गिना गया है, जहां घोर गरीबी में गुजर-बसर करने वाले लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है। इस श्रेणी में भारत के अलावा पाकिस्तान, इथियोपिया, नाइजीरिया और कांगो जैसे देश हैं, जिन्हें निम्न मानव विकास सूचकांक में रखा गया है। गौरतलब है कि हाल ही में आए वैश्विक भूख सूचकांक में भी भारत को 'गंभीर' भूख की समस्या वाले देशों में बताया गया था। सवाल है कि आए दिन सरकार की ओर से देश की अर्थव्यवस्था की जो चमकती तस्वीर पेश की जाती है, विकास के दावे किए जाते हैं, इस बुनियाद पर गरीबी के पायदान पर यह त्रासदी क्यों कायम है? एक ओर सरकार यह कहती है कि देश के अस्सी करोड़ से ज्यादा गरीब लोगों को पेट भरने के लिए मुफ्त अनाज मुहैया कराया जा रहा है, तो दूसरी ओर अगले कुछ दशक में विकसित भारत बनाने का दावा भी किया जा रहा है।अगर भारत की स्थिति अभी भी गरीबी की कसौटी पर सबसे निचले पायदान पर खड़े देशों के समकक्ष या इसके आसपास है, तो वे कौन-से आधार हैं, जिनके बूते भारत को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करने का दावा किया जा रहा है? संयुक्त राष्ट्र की रपट में एक अहम बात यह भी दर्ज की गई है कि तिरासी फीसद से ज्यादा गरीब लोग ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। इस लिहाज से देखें तो यह साफ है कि भारत सहित ज्यादातर देशों में अगर सरकारें विकास कार्यों को लेकर सक्रिय दिखती भी हैं तो उसका केंद्र आमतौर पर शहर-महानगर हैं। यही वजह है कि ग्रामीण इलाके उपेक्षित होते हैं तो वहां के लोग गुजर-बसर के लिए शहरों-महानगरों की ओर रुख करते हैं। इसलिए जब तक शहरी इलाकों की तरह ग्रामीण इलाकों को लेकर भी समावेशी, विकेंद्रीकृत और समान विकास की नीतियां सरकारों की प्राथमिकता में शामिल नहीं होंगी, तब तक स्थिति में सुधार की गुंजाइश नहीं बनेगी। हालांकि समस्या यह भी है कि हर वर्ष आने वाली रपटों में अलग-अलग संस्थाओं के आकलनों में गरीबी के आंकड़े भिन्न होते हैं, इसलिए विकासशील देशों में ठोस आधार पर गरीबी के आकलनों को लेकर कई बार भ्रम की स्थिति बनती रही है। जाहिर है, कुछ खास बिंदुओं पर आधारित इस तरह के आकलनों में कई बार और अधिक समग्र तथा व्यापक दृष्टिकोण की अपेक्षा होती है। मगर प्रत्यक्ष दिखती परिस्थितियां भी अगर गरीबी की दुखद तस्वीर ही पेश करें, तब विकास की प्रचारित परिभाषा अपने आप कसौटी पर आ जाती है।

# राज्यपाल ने किया 'प्रोजेक्ट यूपीएससी' का शुभारंभ

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को राजभवन में पावन चिंतन धारा आश्रम द्वारा संचालित 'प्रोजेक्ट यूपीएससी' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पावन चिंतन धारा आश्रम के अध्यक्ष प्रो. पवन सिन्हा ''गुरूजी'' सहित इस प्रोजेक्ट से जुड़े लोग और विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थी मौजूद रहे।इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड के युवाओं में विशेषकर बालिकाओं में असीमित प्रतिभाएं हैं वे संसाधनों के अभाव में अपना सपना पूरा करने से न रह जाय, उनके लिए यह प्रोजेक्ट बहुत ही मददगार साबित होगा। यह अच्छी बात है कि इस प्रोजेक्ट में बालिकाओं को विशेष रूप से प्राथमिकता दी जाएगी जिससे वे सिविल सेवाओं की तैयारी कर इस क्षेत्र में भी अपना परचम लहरा सकेंगी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अनुशासन, आत्मविश्वास और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। राज्यपाल ने कहा कि हमारे प्रदेश में ऐसे बहुत से बच्चे हैं जिनमें बहुत प्रतिभा हैं लेकिन उनके सपनों को आकार देने के लिए मार्गदर्शन की बहुत बड़ी आवश्यकता भी है। यह बहुत ही खुशी की बात है कि सिविल सेवा के अहम क्षेत्र में उत्तराखंड के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए इस संस्था ने पहल की है, जिसके लिए उन्होंने संस्था का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप सभी युवा भारत का भविष्य हैं। आप ही अमृत काल की अमृत पीढ़ी हैं जिसके बल पर भारत को विश्व गुरु और विकसित राष्ट्र का



लक्ष्य प्राप्त होगा। प्रो. पवन सिन्हा ने बताया कि इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य प्रदेश के ऐसे बच्चों को सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी में सहयोग देना है, जो आर्थिक या पारिवारिक परिस्थितियों के कारण इस दिशा में आगे बढ़ने में सक्षम नहीं हो पाते। उन्होंने बताया कि बच्चों को निःशुल्क ऑनलाइन और ऑफलाइन कोचिंग प्रदान की जाएगी। इसके अंतर्गत विशेषज्ञ और अनुभवी शिक्षकों और पूर्व सिविल सेवकों द्वारा विद्यार्थियों को न केवल परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी, बल्कि समय प्रबंधन, जीवन शैली सुधार, और व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान दिया जाएगा। इसके अलावा विद्यार्थियों के मार्गदर्शन और उनकी शंकाओं के समाधान के लिए परामर्श सत्रों का भी आयोजन किया जाएगा।प्रोजेक्ट यूपीएससी के लिए इच्छुक छात्र-छात्राएं संस्था की मेल आईडी और मोबाइल नम्बर 8882918694 पर रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के पश्चात प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार आयोजित होगा, जिसके आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि सिविल सेवाओं में आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को भी मौका मिले और गरीबी उनके करियर में बाधा न बने। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत 450 से अधिक बच्चे निःशुल्क कोचिंग ले रहे हैं। इस अवसर पर संयुक्त मजिस्ट्रेट हरिद्वार आशीष मिश्रा ने उपस्थित विद्यार्थियों को सिविल सेवाओं की तैयारी के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि सिविल सेवाओं में उतीर्ण होने के लिए अपना बेस्ट दें। सिविल सेवा के टॉपर्स के अनुभवों से सीखें। आप सुनिश्चित कर लें हमें इस परीक्षा को पास करना है और अपना शत-प्रतिशत दें। पहले ही दिन से सकारात्मक सोचें और अच्छे दोस्त चुनें। इस कार्यक्रम में सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाति एस भदौरिया, कुलपति गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय डॉ. मनमोहन सिंह चौहान, कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान एस रावत, श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन के जोशी, उत्तराखण्ड मुक्त विश्व विद्यालय के कुलपति ओपीएस नेगी, एसएसजे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल बिष्ट, प्रोजेक्ट यूपीएससी की समन्वयक सुरभी शर्मा, सह संयोजक ईशान गर्ग, सदस्य प्रशांत रावत, यश अग्रवाल, गर्वित विज सहित विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जीडी गोयनका स्कूल में सात दिवसीय खेल प्रतियोगिता शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जीडी गोयनका स्कूल में आज से सात दिवसीय खेल प्रतियोगिता प्रारम्भ हुई। जिसका उद्घाटन पद्म श्री अर्जुन पुरस्कार विजेता हाकी कप्तान जफर इकबाल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। विद्यालय की प्रिंसीपल श्रीमती रूपाली पुरी ने अतिथियों चैयरमेन अतुल गोयल, निदेशक रोहित गोयल, श्रीमती निधि गोयल, श्रीमती रूचि गोयल, श्रीमती शिवाली गोयल व भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा का स्वागत किया। इस



दौरान छात्र छात्राओं की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिताओं में खेल प्रतिभाओं ने अपना हुनर दिखाया।

# महिला ने पड़ोसियों पर लगाया मारपीट का आरोप

काशीपुर(उद संवाददाता)। मोहल्ला महेशपुरा जीत कॉलोनी निवासी एक महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर पड़ोसियों पर गाली गलौज मारपीट का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर उपरोक्त मोहल्ला निवासी हुस्न बानो पत्नी अब्दुल मुतलिफ ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले इकबाल फरमान आए दिन शराब पीकर उसके पुत्र सोहिल के साथ गाली गलौज और मारपीट करते हैं। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है। महिला ने हालिया घटनाक्रम का जिक्र करते हुए बताया कि बीते 16 अक्टूबर की शाम जब वह घर पर अकेली थी इसी दौरान शहनाज उसकी पुत्रियां साजिया रजिया नगमा जबरन घर में घुस आई और गाली गलौज करने लगी। विरोध करने पर उपरोक्त लोगों ने महिला को बुरी तरह मारपीट कर बेदम कर दिया। इस घटना के दो दिन बाद 18 अक्टूबर को उपरोक्त लोगों ने एक बार फिर से महिला के साथ मारपीट की। मारपीट की इस घटना में मां बेटे को गंभीर चोटें आई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महिला की तहरीर के आधार पर उपरोक्त सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया।

# चलो वार्ड चलो पंचायत अभियान चलायेगी कांग्रेस

देहरादून। प्रदेश में जल्द ही निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव होने वाले हैं। जिसके लिए कांग्रेस हो या फिर बीजेपी दोनों ने तैयारी शुरू कर ली है। निकाय चुनाव इसी साल दिसंबर में होने की बात सरकार कर रही है। जबकि अगले साल जनवरी और फरवरी में पंचायत चुनाव हो सकते हैं। जिसे देखते हुए कांग्रेस भी तैयारियों में जुट गई है। उत्तराखंड कांग्रेस के तमाम प्रकोष्ठ संगठन को मजबूत करने के लिए जनता से संपर्क साध रहे हैं। वहीं यूथ कांग्रेस भी चलो वार्ड चलो पंचायत अभियान चलाने जा रही है। इस अभियान के तहत यूथ कांग्रेस पंचायत और वार्डो में जाकर जनता से संपर्क साधेगी और कार्यकर्ताओं से संपर्क कर संगठन को मजबूती प्रदान करेगी। चलो वार्ड चलो पंचायत अभियान के तहत कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता सभी वार्डों और पंचायतों में जाकर कांग्रेस की विचारधार को आम जनता तक पहुंचाएंगे। सीवी चौहान ने बताया पहले सभी ऑनलाइन ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद अगर ऑनलाइन ट्रेनिंग में की दिक्कत हुई तो वन टू वन बात करके इस अभियान को आगे बढ़ाया जाएगा। सीवी चौहान का कहना है कि चलो वार्ड, चलो पंचायत अभियान का कांग्रेस को केदारनाथ उपचुनाव में भी फायदा मिलेगा। युवाओं को इस अभियान से जोड़ा जाएगा। बता दें कि केदारनाथ उपचुनाव की तारीखों का एलान हो गया है। 20 नवंबर को केदारनाथ उपचुनाव होगा जबकि 23 को मतगणना होगी।

# हादसे में डंपर चालक के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

काशीपुर(उद संवाददाता)। डंपर की चपेट में आने से हुई हेल्पर की दर्दनाक मौत मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक अन्य आरोपी डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर धारक नगला, एएचटी, पोस्ट बहेड़ी ब्राह्मनान जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी मुनेश पत्नी डालचंद ने बताया कि उसका पुत्र आदित्य कुमार पिछले कुछ दिनों से डंपर संख्या यूके 18 सीए/ 3482 पर हेल्पर का काम करता है। बीते 16 अक्टूबर को उसका पुत्र तड़के बहुरनपुर कला जनपद मुरादाबाद निवासी डंपर चालक कौशल कुमार पुत्र दलपत सिंह के साथ खनन सामग्री लेकर रामनगर रोड से होते हुए निकल रहा था। सोना फॉर्म के समीप पेट्रोल पंप के पास चालक ने लघु शंका के लिए डंपर साइड लगा दिया। इस दौरान जब हेल्पर आदित्य टायरों को चेक करने लगा कि तभी पीछे से डंपर संख्या यूपी 25 सीटी/8475 के चालक नाम पता अज्ञात ने सड़क किनारे खड़े डंपर में भीषण टक्कर मार दिया। इस दौरान टायर चेक कर रहे हेल्पर की अपने ही डंपर से कुचल कर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के तत्काल बाद आरोपी डंपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी डंपर चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# उत्तराखंड भाजपा ने बनाये लक्ष्य से अधिक सदस्य: भट्ट

देहरादून। सदस्यता अभियान के तहत उत्तराखंड भाजपा ने लक्ष्य से अधिक सदस्य बना लिए हैं। प्रदेश भाजपा 20 लाख 17 हजार 397 सदस्य बनाकर शीर्ष छह राज्यों में शुमार हो गई है। पार्टी



मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने संगठन पर्व में प्राथमिक सदस्यता अभियान की सफलता के लिए सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने दो से 25 सितंबर तक संचालित प्रथम और 16 से 31 अक्तूबर तक के दूसरे चरण की जानकारी में हासिल रिकॉर्ड आंकड़ों की विस्तार से जानकारी दी। बताया कि राज्य के प्रथम गांव से महानगर तक, घरेलू से कामकाजी महिला तक, मजदूर से मालिक तक, किसान से सैनिक तक, गरीब से करोड़पति तक पार्टी ने सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी एवं सर्वग्राही सदस्यता अभियान पार्टी ने चलाया है। इस अभियान में प्रदेश के नौ जिलों ने अपने सदस्यता अभियान के लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। जिनमें उत्तरकाशी, अल्मोड़ा, पौड़ी, देहरादून महानगर, हरिद्वार, चमोली, पिथौरागढ़, टिहरी एवं कोटद्वार शामिल हैं। वहीं 10 ऐसी विधानसभाएं हैं, जहां लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिले कुल मतों से अधिक संख्या में सदस्य बनाए गए हैं। जिसमें अल्मोड़ा, टिहरी, देहरादून कैंट, पुरोला, श्रीनगर, यमुनोत्री, गंगोत्री, हल्द्वानी, हरिद्वार और डीडीहाट शामिल है। विधानसभा क्षेत्र की दृष्टि से देखें तो 23 विधानसभा ऐसी हैं जहां पार्टी ने सदस्यता के लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त किया है। वहीं 44 विधानसभाओं ने भी 50 से 100 फीसदी के मध्य लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। शेष में 47 फीसदी लक्ष्य हासिल किया है। आयु वर्ग के आधार पर 58 फीसदी युवा, 39 फीसदी मध्यम वर्ग और 3 फीसदी वरिष्ठ नागरिकों ने भाजपा के विचारों में विश्वास जताया है।

# उत्तराखंड में पंचायतों का कार्यकाल नहीं बढ़ेगा

**पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने को लेकर भी एक्ट में कोई व्यवस्था नहीं**

देहरादून। प्रदेश में पंचायतों का कार्यकाल अगले महीने 27 नवंबर को खत्म हो रहा है, लेकिन इस साल चुनाव नहीं होंगे, वहीं, पंचायतों का कार्यकाल भी नहीं बढ़ेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव को लेकर शासन से 20 अक्तूबर तक रिपोर्ट मांगी थी। पंचायत निदेशालय की ओर से शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है। प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव के लिए विभाग की ओर से हरिद्वार को छोड़कर सभी जिलों में ग्राम, क्षेत्र और जिला पंचायतों का परिसीमन किया गया। ग्राम पंचायतों के परिसीमन के बाद ग्राम पंचायतों की संख्या 7,796 से बढ़कर 7,823 हो गई। ग्राम पंचायत वार्ड 59,219 से बढ़कर 59,357 और जिला पंचायत की सीटें 385 से बढ़कर 389 हो गई थी। हालांकि, क्षेत्र पंचायतों की संख्या बढ़ने के बजाए 3,162 से घटकर 3,157 हो गई, लेकिन शहरी विकास विभाग की ओर से कुछ निकायों का विस्तार एवं कुछ ग्राम पंचायतों को नगर पालिका क्षेत्र से बाहर किया गया है। चमोली, चंपावत, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ क्षेत्रों में नए सिरे से परिसीमन होगा, जिससे इन जिलों में ग्राम, क्षेत्र और जिला पंचायत सीटें घट व बढ़ सकती हैं। पंचायती राज विभाग के संयुक्त निदेशक मनोज तिवारी के मुताबिक, परिसीमन के बाद शहरी निकायों में कुछ गांव शामिल हो गए हैं। कुछ निकायों से बाहर हुए हैं। मतदाता सूची का भी अगले साल जनवरी तक पुनरीक्षण किया जाना है। पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची तैयार होगी। ऐसे में अगले साल फरवरी-मार्च के बाद ही चुनाव हो पाएंगे। पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने को लेकर भी एक्ट में कोई व्यवस्था नहीं है।पंचायतीराज विभाग के अफसरों के मुताबिक, पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की एक्ट में व्यवस्था नहीं है। एक दिन के लिए भी त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल नहीं बढ़ाया जा सकता, लेकिन यदि सरकार चाहे तो पंचायत प्रतिनिधियों को अधिकतम छह महीने के लिए प्रशासक बना सकती है। पंचायतों का दो साल का कार्यकाल बढ़ाते हुए 12 जिलों में इस साल के बजाए हरिद्वार जिले के साथ वर्ष 2027 में एक साथ पंचायत चुनाव कराए जाएं। ऐसा कर राज्य में एक राज्य एक पंचायत चुनाव के सिद्धांत को लागू किया जाए। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि राज्य में पहले भी अधिसूचना जारी कर पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाया गया था।

# विरासत महोत्सव में जौनसारी लोक गीत व नृत्य पर झूमे लोग

## शिंजिनी कुलकर्णी के कत्थक व ओमकार के शास्त्रीय संगीत ने किया मंत्रमुग्ध

देहरादून(उद संवाददाता)। विरासत महोत्सव 2024 में सातवें दिन की विरासत की शुरुआत सर्वप्रथम सुबह स्कूली छात्राओं की शानदार सांस्कृतिक डांस एवं नृत्य के साथ प्रारंभ हुई।छात्राओं की सांस्कृतिक साधना में दी गई आकर्षक एवं शानदार मनमोहक प्रस्तुति ने श्रोताओं का हृदय जीत लिया। विरासत महोत्सव में क्लासिकल म्यूजिक और डांस के साथ ही नृत्य को देखकर जो कला प्रदर्शन सामने आया वह वास्तव में बहुत ही शानदार रहा ।संत कबीर एकेडमी की छात्रा अनन्या डोभाल ने अपने नृत्य की प्रस्तुति मोरी गगरिया काहे को फोरी रे श्याम....के साथ प्रारंभ की। छात्रा की इस बेहतरीन प्रस्तुति ने सभी का दिल जीता ।इसके अलावा क्लासिकल म्यूजिक और नृत्य की इस आगे बढ़ती हुई श्रृंखला में पावनी जुयाल द्वारा बरसन लागी बदरिया... आकर्षक एवं मनमोहक प्रस्तुति के साथ प्रस्तुत किया गया। विरासत साधना के दूसरे चरण की कड़ी वाले कार्यक्रम के अंतर्गत बीएस नेगी एमपीपीएस ने सुश्री कमर डागर द्वारा सुलेख पर प्रेरक वार्ता की मनमोहक मेजबानी की। बीएस नेगी एमपीपीएस ने सुलेख पर एक आकर्षक वार्ता की मेजबानी करते हुए विरासत में आज अपनी शानदार एंट्री की और इसका नेतृत्व प्रसिद्ध कलाकार सुश्री कमर डागर ने किया। कार्यक्रम में एमपीपीएस की प्रिंसिपल श्रीमती नमिता ममगई और विरासत की ओर से सुश्री विजयश्री और हरीश अवल जैसी प्रतिष्ठित हस्तियाँ शामिल रहीं। सुश्री डागर प्रसिद्ध चित्रात्मक सुलेखक ने हिंदी और उर्दू लिपियों को मिलाकर एक विशिष्ट दृश्य भाषा बनाने के अपने अनूठे दृष्टिकोण को साझा किया। इन दो लिपियों के बीच कलात्मक तालमेल पर जोर देते हुए हिंदी को बाएं से दाएं और उर्दू को दाएं से बाएं प्रदर्शित किया। सातवें दिन की सांस्कृतिक संध्या का विधिवत शुभारंभ विकास नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक मुन्ना सिंह चौहान व ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया के अध्यक्ष व विरासत के संरक्षक राजा रणधीर सिंह ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।संध्या काल की कड़ी में हृदय और मन को मोह लेने वाला जौनसारी लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया ।जौनसारी संस्था गांव का रिवाज, के नायक गंभीर भारती ने अपनी सांस्कृतिक टीम के साथ आकर्षक लोक संगीत और नृत्य प्रस्तुत किया। महासू वंदना के साथ 'गांव का रिवाज' जौनसारी संस्था की ओर से दी गई शानदार प्रस्तुति बहुत ही आकर्षण का केंद्र बनी रही। जौनसार बाबर सांस्कृतिक गांव का रिवाज संस्था, कालसी द्वारा प्रस्तुत जौनसार भावर का लोक नृत्य प्रदर्शन, क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का एक आकर्षक प्रदर्शन है। इस 20 सदस्यीय समूह का नेतृत्व गंभीर भारती ने किया भारती मुख्य गायक भी हैं। उनके साथ वाद्य यंत्रों पर रजत वर्मा दयाल कीबोर्ड पर, वेदांश ऑक्टोपैड पर, श्याम पुंडीर ढोलक पर और कपिल ने ढोल पर संगत की। संध्या में दीप प्रज्वलन होने के बाद महान कथक उस्ताद पंडित बिरजू महाराज की पोती शिंजिनी कुलकर्णी ने मनमोहक कथक प्रस्तुति के साथ मंच की शोभा बढ़ाई। उन्होंने अपने गायन की शुरुआत श्चार तालश में शिव आराधना के साथ की। तत्पश्चात उनके आदरणीय दादा पंडित बिरजू महाराज द्वारा कथक की जटिल लय और सुंदरता को प्रदर्शित करते हुए तराना गाया गया। उनकी प्रस्तुति का समापन राग दरबारी में एक भावपूर्ण अभिनय के साथ हुआ। उनके साथ तबले पर शुभ महाराज, सितार पर विशाल मिश्रा, लयबद्ध पाठ (पद्धंत) प्रदान करने वाली अश्विनी सोनी और गायन पर जकी खान रहे। विरासत में आखिरी संध्या में मराठी नाट्य संगीतकार खास कलाकार साबित हुए ।उनके द्वारा दी गई प्रस्तुति विरासत के सभी मेहमानों के दिलों को घर कर गई। दिलों को छू लेने वाले ओंकार दादरकर जी ने अपने हिंदुस्तानी गायन प्रदर्शन की शुरुआत राह यमन माई बड़ा खयाल से की, जिसने दर्शकों को अपने कौशल से प्रभावित किया। उन्होंने एरी लाल मील का आकर्षक गायन भी किया । यही नहीं, धृत बदीश माई ननंद क्र बचन वा साहे ना जात भी मनमोहक एवं आकर्षित करने वाला रहा । हारमोनियम पर धर्मनाथ मिश्रा, तबले पर मिथलेश झा और तानपुरा पर मोइन ख्वाजा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी संगत दी।









# दीपावली पर आजीविका द्वारा बनाए गए दीयों की होगी बिक्री

बागेश्वर(उद संवाददाता)।आजीविका मिशन द्वारा स्वयं सेवी संस्थाओ से जुडी हुई महिलाओं द्वारा दीपावली में आकर्षक दियों को घरों में आकर्षक रोशनी से जगमगाने के लिए विकास भवन और आजीविका विभाग के विभिन्न स्टॉलो में आकर्षक दियों की विक्री के लिए उपलब्ध कराए गए है, वहीं स्वयं सेवी संस्थाओ और मेहनती समिति समूहों से जुड़े हुए लोगों महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हस्तनिर्मित आकर्षक दियों का निर्माण किया गया है, सीडीओ आर सी तिवारी ने सभी सरकारी अधिकारियों कर्मचारियों को आजीविका के स्टॉलो में विक्री के लिए रखे गए आकर्षक दियों को खरीदने, स्थानीय उत्पादों को उचित बाजार उपलब्ध कराते हुए उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए स्टॉलो से आकर्षक दियों को खरीदने के निर्देश दिए है। साथ ही आमजन से भी स्थानीय उत्पादों को मेहनतकश समिति के सदस्यों को उनके उत्पादों की उचित विक्री कराने के लिए स्टॉलो में विक्री हेतु रखेउत्पादों की खरीददारी करने की अपील की है।



# बिजली का दुरूपयोग रोकने के लिए सौंपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर में स्ट्रीट लाईटों में हो रहे बिजली के दुरूपयोग को रोकने के लिए पर्यावरण संरक्षण वेल्फेयर सोसाइटीज के अध्यक्ष एवं समाजसेवी डा. मनमोहन सिंह ने नगर निगम में सहायक नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में डा. मनमोहन सिंह ने कहा कि शहर कई स्थानों पर पिछले लम्बे समय से स्ट्रीट लाईटें दिन में भी जलती नजर आती है। इनकी देख रेख और इनको दिन में बंद करने के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है, जिस कारण लाखों रूपये की बिजली का दुरूपयोग हो रहा है। एक ओर विद्युत विभाग प्रीपेड विद्युत मीटर लगाकार बिजली का दुरूपयोग रोकने की कवायद कर रहा है दूसरी ओर स्ट्रीट लाईटें दिन में भी जलने से रोकने का कोई इंतजाम नहीं है। डा. मनमोहन सिंह ने बताया कि उन्होनें मामले की शिकायत विद्युत विभाग से भी की लेकिन विद्युत विभाग ने नगर निगम का कार्य क्षेत्र बताकर पल्ला झाड़ लिया। उन्होंने नगर आयुक्त से स्ट्रीट लाईटों की जलाने और बंद करने की नियमित व्यवस्था करने की मांग की है।



# सकैनिया में सैटरिंग स्टोर का शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। सेटरिंग की दुकान का पूर्व ग्राम प्रधान ने फीट काटकर शुभारंभ किया। पूर्व ग्राम प्रधान व प्रधान संघ जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी ने सकैनिया में पेट्रोल पंप के निकट नये प्रतिष्ठान कैलाश लेंटर स्टोर का शुभारंभ किया। शुभारंभ के दौरान मौके पर मौजूद ग्रामीणों में मिष्ठान वितरण किया गया वही कैलाश लेटर स्टोर के स्वामी विशाल राजपूत ने बताया कि द्वारा क्षेत्रीय जनता को मुनासिव रेटो पर लेटर व सेटरिंग का सामान किराये पर दिया जाएगा ।इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य बंसी कंबोज,केसरी,विशाल राजपूत,गुरमुखलाल,गंगा राम, शुभाष, सुनील,अंश चौधरी,दुली राम,रोशन लाल,बाबू राम,वांके लाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# मीना शर्मा को किया सम्मानित

रूदपुर(उद संवाददाता)। महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि वह वाल्मीकि समाज के उत्थान, उनकी प्रगति, और उनको सशक्त बनाने के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगी। श्रीमती शर्मा ने कहा कि वाल्मीकि समाज से उनका पारिवारिक रिश्ता है,और वह इस रिश्ते को और मजबूती के साथ आगे बढ़ाएंगी स इधर रमपुरा स्थित वाल्मीकि मंदिर के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी ने श्रीमती शर्मा को महर्षि बाल्मीकि जयंती पर उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, रोहित वाल्मीकि, अजय बाल्मीकि, सोनू, पप्पू,सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।



# तस्करों और भू माफियाओं ने काटे 96 पेड़

ऋषिकेश। ऋषिकेश में वन तस्करों और भू माफियाओं ने करवा चौथ की रात दशकों पुराने आम के बगीचे में 96 पेड़ कटवा डाले। इसके लिए करीब 48 मजदूर इकट्ठा किए गए थे। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर 42 लोगों को पकड़ भी लिया, लेकिन मामला उद्यान विभाग से जुड़ा बताकर सभी को छोड़ दिया। जिस तरह नाटकीय ढंग से घटनाक्रम हुआ, उस पर कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। रानीपोखरी के शांतिनगर गांव में करीब 10 बीघा जमीन पर कई दशक पुराना बगीचा है। काफी समय से भू माफियाओं की नजर इस जमीन पर थी और वह पेड़ों को काटकर प्लाटिंग करने की योजना बना रहे हैं। रविवार को जब सभी लोग करवा चौथ मनाने में व्यस्त थे, तभी इस काम में पेड़ काटने वाले 48 मजदूर लगा दिए।

## पेज एक का शेष...

**सड़कों को गडढामुक्त...** कि आगामी दीपोत्सव के दृष्टिगत राज्यवासियों को अधिक से अधिक स्थानीय उत्पादों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इससे न केवल स्थानीय उद्यमियों और कारीगरों को समर्थन मिलेगा, बल्कि 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों को भी बल मिलेगा।

**ऑनलाईन कमाई का झांसा...**हुई। फिर सूरज सिंह के एकाउंट में 50,000 रुपये की एंट्री हुई और एकाउंट से मनीष भार्गव गुडगांव को 50,000 रुपये तथा अक्षयसाजी के एकाउंट में 50,000 रुपये भेजे गये इसके बाद 2 सितंबर को एकाउंट से ओमप्रकाश सिंह को 3,00,000 भेजे गये। मनप्रीत ने बताया कि इसके बाद उन्होंने और डिमांड करते हुए 3,00,000 रुपये महादेव कांट्रेक्शन ब्रांच,जोधपुर को भेजने के लिए कहा और उसके दिये पैसे वापस करने के लिए कहा और उसका एकाउंट नंबर लिया तथा कुछ देर बार पैसे ना भेजने पर मैसेज फेल का इश्यू दिखा दिया। उसके पूछे जाने पर उससे कहा कि आपका एमाउंट बहुत ज्यादा है तथा आपका वीआईपी एकाउंट खोलना पड़ेगा, इसके लिए आपको 2 लाख रुपये और देने होंगे। उन्होंने उसे मजबूर कर 2 लाख रुपये अरविन्द कुमार को भेजने के लिए कहा। उसके कुछ देर बाद पैसे उसके एकाउंट में डालने को कहकर उसका एकाउंट नंबर लिया तथा इंतजार करने को कहा।। मनप्रीत ने बताया कि काफी देर के बाद जब पैसे नहीं आये तब उसके द्वारा पूछे जाने पर नया बहाना बना दिया कि आपका एकाउंट फ्रीज हो गया है। इसलिए आपको 3,30,000 रुपये और डालने होंगे तभी आपका एकाउंट खुलेगा और पैसे वापस मिलेंगे। उसके काफी कहने पर भी उक्त लोगों ने उसके पैसे वापिस नहीं किये। मनप्रीत सिंह की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

**देर रात नशेड़ी...** किया गया।मामले की जानकारी थाना पुलिस को दे दी गई है।रेशमबाग आरटीओ चौकी क्षेत्र में रहने वाली ज्योति अवस्थी ने मुखानी पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनके आवास के निचले हिस्से में ही उनकी अरविंद डेरी के नाम से दुकान है। रात करीब ढाई बजे दो मोटर साइकिल सवार पांच युवक उनकी दुकान के बाहर पहुंचे। वह कुछ देर वहीं रुके रहे और फिर अचानक पथराव कर दिया। वह गालियां दे रहे थे। सीसीटीवी फुटेज में नशे में धुत दिखे युवकों द्वारा किए गए पथराव में दुकान के बाहर लगा एलईडी बोर्ड व अन्य सामान टूट गए। आरोपियों की यह पूरी हरकत वहीं लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसमें वह नशे में धुत पथराव करते दिखाई दे रहे हैं। मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से युवकों की पहचान की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**संदिग्ध हालातों ...**उसे आनन-फानन में नजदीक के अस्पताल ले गए। बाद में सरकारी अस्पताल ले कर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसएसआई ललित कुमार रावल ने बताया कि सूचना पर एसआई चंदन बिष्ट को मौके पर भेजा गया। पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस आत्महत्या के कारणो की जांच कर रही है। मृतक के दो बच्चे है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

**भाई से कहासुनी...**जिससे नाराज होकर वह घर से जंगल की ओर चली गई। घटना की जानकारी मिलने पर नदी में मजदूरी कर रहा वासुदेव का पूरा परिवार सोनी को खोजने के लिए निकल गया। देर शाम उसकी पुत्री जंगल में स्थित एक सागोन के पेड़ पर लटकी हुई मिली। घटना की जानकारी पुलिस को मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिवारों को सौंप दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

**प्राईवेट माइनिंग के...**खेत की मिट्टी की परमीशन जारी हाने पर उसमें परिवहन करने पर प्राईवेट माईनिंग कम्पनी का कोई हस्तक्षेप ना हो।प्राईवेट माईनिंग कम्पनी द्वारा आरबीएम पर कोई रोक ना लगाई जायें। प्राईवेट माईनिंग कम्पनी अपनी चेकपोस्ट पर ही (रेता बजरी) पक्के माल की रायल्टी चौक करें। इस दौरान दलजीत सिंह, अमरजीत सिंह सामंत, भुवन जोशी, जगजीत सिंह, गुरदीप सिंह, तीरथ सिंह व रोहित आदि मौजूद रहे

**युवक का सिर...** करने पर हमलावरों ने उसे बुरी तरह डण्डों से मारा पीटा और उसका सिर फाड़ दिया। जब वह जान बचाकर अपने घर की तरफ भागा तो हमलावर पीछा करते हुए घर भी पहुंच गये और घर पर पथराव कर दिया। हमलावर उसके पास से दस हजार की नगदी भी छीनकर ले गये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सूचना

मेरा भाई सोनू (सन्नी शर्मा) पुत्र प्रीतम लाल निवासी वार्ड नं. -4 भदईपुरा थाना/ तहसील- रूद्रपुर,जिला उधम सिंह नगर जो कि गलत चाल चलन में पड़ गया है। मैंने व मेरे परिवार ने उससे सभी प्रकार से सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है, अब हमारा उसके अच्छे बुरे कृत्यों से किसी भी प्रकार का कोई वास्ता सरोकार नहीं है। उससे सम्बन्ध व लेने देन रखने वाले स्वयं जिम्मेदार होंगे।

मनोज शर्मा पुत्र प्रीतम लाल निवासी स्वास्तिक इन्कलेव भूरारानी, थाना- रूद्रपुर,जिला उधमसिंहनगर 991770318

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# ईशा ट्रेडर्स

महासेल Upto 50%

हमारे यहाँ दिल्ली से कम रेटो पर वॉलपेपर उपलब्ध है।

पी.वी.सी. पेनल, वालपेपर, डब्लू.पी.सी. लूर्वस पी.यू. मार्बल शीट, यू.वी. शीट

व सभी प्रकार के इंटीरर्यर एवं एक्सटीर्यर मटेरियल इत्यादि

दीपावली के शुभ अवसर पर भारी छूट

Since 2004


आर्टफिशयल घास


पी.यू. मार्बल शीट


वालपेपर


यू. वी. शीट

सम्पर्क सूत्रः- 98971-57000, 82720-57000, 63956-24270

पताः- एस. आर. ए. ई-काशीपुर बाईपास रोड, पुलिस चौकी के सामने, निकट सिटी क्लब, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) 263153 (यू.के.)

Haier
World's No.1
Brand in Major Appliances

गुरू मॉं

This Diwali

CELEBRATE BIG MOMENTS



SMART SENSE AI
SIDE BY SIDE REFRIGERATOR

Smart WIFI Connectivity | Smart Food Management | Smart Convertible 3Door | Deo fresh Technology | Jumbo Ice-Maker

Range available from 531 L to 712 L

DISCOVER THE FUTURE OF LAUNDRY WITH AI DBT

Enhanced Washing Quality | Vibration Free Performance | Removes Up To 72 Hour Old Stains | 5 Year Complete Warranty* | 30 Days Money Back Guarantee*

Range available from 6 KG to 12 KG






OLED | QD MINI | QLED
POWERED BY GoogleTV

Dolby | MEMC 120HZ | Dolby | harman kardon



Range available from 81 cm to 2.48 m

EXCITING OFFERS

UP TO 22.5% INSTANT CASHBACK* | 1 EMI OFF* | EXTENDED WARRANTY | PAY ₹1 TAKE HAIER HOME* | FIXED EMI STARTING ₹994#

SCAN TO KNOW MORE

AMERICAN EXPRESS | DBS | FEDERAL BANK | HDFC BANK | pine labs | SBI card | YES BANK

*Source Euromonitor International Limited; Consumer Appliances 2024ed, % unit share, 2023 volume sales data. | *T & C Apply. Features may vary model to model.

+91 855 304 9999 Time: 9 AM - 6 PM

# GURU MAA ELECTRONICS

| RUDRAPUR | HALDWANI | KASHIPUR | GADARPUR | MORADABAD | KICHHA | PITHORAGARH | LALKUAN | HARIDWAR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Ph.: 9690282777 84108 88888 | Tikonia - 9997207007 Pilikothi - 8923468434 | Ramnagar Road Ph. 8791989500 | Gurunanak Enterprises Ph.: 9927850999 | Kant Road Ph.: 7500839146 Rampur Road, Ph. 9719077772 | Deepak Electronics Ph.: 7017575920 | Shiv Enterprises 9760633187 | New Radhey Communication 8923493000 | Jawalapur Ph.: 9761699704 |